आध्यात्मिक
युद्धकला
विवरण पुस्तिका

बाइबिल , सुसमाचारी दृष्टिकोण से
(संसोधित और उत्परिवर्तिरत 2021)
'' क्योकि हम शैतान की युक्तियो से अनजान नहीं हैं '' 2 कुरिन्थियों11- 2:5

कॉपीराइट1995 ,2007 , 2010 ,2016 ,2019 ,2021

त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

परमेशवर का कवच 54 -59
विजय के लिए अधिकार और शक्ति 37
विश्वासी दानवग्रस्त हो सकते हैं 13 -14
उपयोग के लिए बाइबिल आयते 60 -61 , 71 -76
परिभाषित दानवग्रस्ति 13
दानवग्रसित के रास्ते 21 -36
दानवग्रस्ति करने वाले पाप 30 - 31
उद्धार के लिए कदम 38 - 44
दानवग्रस्ति के लक्षण 19
सामयिक सूचकांक 71 - 76

सुझवी प्रार्थनाऐ

छुटकारे के लिए प्रार्थना 30
पैतृक हमले के लिए प्रार्थना 23
यौन पापो के लिए प्रार्थना 29
पापो की क्षमा के लिए प्रार्थना 30
विवाह के लिए प्रार्थना 49
मैंसोनिक (गुप्त संस्था सदयस्ता) भागीदारी के लिए प्रार्थना 34
मनोगत रहसयमय और नए युग के लिए प्रार्थना 35
मनोगत भागीदारी के लिए प्रार्थना 34
गुप्त समाजो के लिए प्रार्थना 34
आत्म-विनश के लिए प्रार्थना 18
पुत्र या पुत्री के लिए प्रार्थना 48
आध्यात्मिक युद्ध के लिए प्रार्थना 64 - 65
परमेशवर के कवच के लिए प्रार्थना 58 - 59
भय पर विजय के लिए प्रार्थना 17
एक कमरे या घर को शुद्ध करने के लिए प्रार्थना 22
दूसरो को क्षमा करने की प्रार्थना 28
दूसरो को क्षमा करने की प्रार्थना 41

रेव . डा . जैरी सिकमौर

क्रिश्चियन ट्रैंनिंग आग्रेनइजेशन -252 w . स्टेट स्ट्रीट - डोलीस्टोन , पा - 18901

jerry@ChristianTrainingOrganization.org

विषयसूची

परिचय
तो तुम एक युद्ध में हो 2
मूल आवश्यकता : परमेशवर से जुड़े - 3
आध्यात्मिक युद्ध क्यों ? 4
I. दानवग्रस्ति के कमान अधिकारी
क . अच्छे दल 5
परमेशवर - हमारा कमान अधिकारी 5
स्वर्गदूत - हमारे सहायक 5 - 6
ख . बुरे दल 7 - 12
शैतान - दुश्मन कमान अधिकारी 7 - 10
दानव- दुश्मन सिपाही 10 - 11
मृत्यु , अंधकार, आत्मिक अंधापन 12
II. दानवग्रस्ति की विशेषताएं
क . परिभाषित दानवग्रस्ति
ख . रक्षित दानवग्रस्ति 13 - 14
ग . दानवग्रस्ति वर्णत14 - 20
मन और विचार 14
सचाई और धोखा 14
अनिवार्यता , मनोग्रस्ति 15
मानसिक रूप से बीमार , खंडित मानसिकता15 -16
भय 16 -17
क्रोध 17
काटना , बदसूरत , आत्महत्या 17 -18
जिम्मेदारी और दानवग्रस्ति 18
दानवग्रस्ति के सबूत 19
III. दानवग्रस्ति के कारण
क . शारीरिक हमला 21 -22
स्थान का पिछला उपयोग 21
स्थान पर व्यक्तिगत संपत्ति 21
ख . इतिहासिक हमला 22 -26
पूर्वजो / माता - पिता के कार्य 22 - 23
अपने खुद के पिछले कार्य 24 -26
यौन संघ , अभिशाप 24
सवीकरण 25
आत्मा जोड़ , तोडना 26

ग . संबंधात्मक हमला 27
घ . आत्मिक हमला 27 - 31
क्रोध आधारित पाप 28
मूर्तिपूजा आधारित पाप 29
अनैतिकता आधारित पाप 29
गलत आत्मछवि के पाप 29
आम अपराधों की सूची 30 - 31
रहस्मय और नया युग 32
रहस्मय आमतौर पर 32 - 34
गुप्त समाज 34
शैतानियत 35
नया युग 35
मार्शल आर्ट 36
IV. दानवग्रस्ति का इलाज
क . छुटकारे का स्रोत 37
ख . छुटकारे के लिए कदम 38 - 44
ग . छुटकारे के बारे विशेष
शारीरक चंगाई 45 -46
उपवास 46 -47
बच्चे 47 -48
पति - पत्नी 49
माता - पिता और बच्चे 50
कलीसिया की भूमिका 50 -51
V. दानवग्रस्ति से आगे लगातार
क . मुशकल : चल रहा युद्ध 52
ख . हल : चल रहा युद्ध 53
आत्मिक रूप से विकास करे 53
पवित्र आत्मा को सम्पर्ण करें 54
कवच पहने 54 - 59
परमेशवर के वचन का उपयोग करें 60 - 61
सामना करें , स्थिर रहे 61 -62
प्रार्थना 62 -65
दूसरो की सहायता करना 65 -67

समाप्ति में 67
शेषसंगृह
1 . मैं कैसे निश्चित कर सकता हूँ कि मैं एक मसीही हूँ ? 68
2 . मैं कैसे निश्चित कर सकता हूँ कि मैं अभी भी मसीही हूँ ? 69 -70
3 . प्रासंगिक सूची 71 - 96
4 .क्या हमे भाषाओ में बोलना चाहिए ? 77 -79
5 . क्या परमेशवर चाहता हैं कि सब चंगाई पाए ? 80 - 83
वर्णमाली सूचि 82 -83

आप एक युद्ध में हैं

एक दिन एक नौजवान बाहर टहल रहा था। जैसे वह गली में गया उसने एक संकेत देखा जो मुफ्त में दुनिया देखने के लिए साइन अप करने को आमंत्रित करता था, भोजन, आवास, सब कुछ प्रदान किया जायेगा। असल में उसे वेतन भी दिया जायेगा। यह ठीक लग रहा था, इतना ठीक की इसे मान लिया जाए। इसलिए उसने अंदर जाकर अपने नाम के हस्ताक्षर कर दिए। उसके आश्चर्य को उसे एक राइफल और सैन्य उपकरण सौपा गया। वह बहुत जल्द समझ गया की वहां सैनिको की पूरी सेना हैं जो अब उसकी दुश्मन हैं और जिसका शपथ उद्देश्य उसे नष्ट करना था। यह वह नहीं था जिसकी उसने उम्मीद की थी ।

आज बहुत से मसीह हैं जिन्होंने यीशु को आपना उद्धारकर्ता स्वीकार किया, और यह जानकार हैरान हुए कि उनका कोई दुश्मन भी हैं। शायद वह यह उम्मीद करते थे कि जीवन अच्छा और पूर्ण होगा सब कुछ ठीक होगा और आगे कोई समस्या नहीं होगी। उद्धार, हालाँकि लड़ाई खत्म नहीं करता। कई मायनो में यह सिर्फ इसकी शुरुआत हैं ।

आप देखे जब आप यीशु को आपना उद्धारकर्ता स्वीकार करते हैं तो आप शैतान को आपना दुश्मन भी मानते हैं, आप ने शैतान कि सेना को छोड़ उसके दुश्मन कि सेना, परमेशवर कि सेना में शामिल हो चुके हैं। वह परमेशवर का विरोध करता हैं , लेकिन परमेशवर के लोगो पर हमला करने से ही वह परमेशवर का नुकसान कर सकता हैं, मुझ पर और आप पर हमला करके।

तो अब आप अपने आप को एक युद्ध में पाते हैं, जिसे आप नहीं चाहते, जिसे आप पसंद नहीं करते जिसे आप समझ नहीं सकते और जिसे जीतने में आप असमर्थ प्रतीत होते हैं । आप क्या करते हैं ? आप आध्यात्मिक युद्ध के लिए एक त्वरित प्रशिक्षण कार्यक्रम कहाँ पा सके हैं ?

आगे पड़े यह जानकारी आप के लिए हैं -------

दर असल, मुक्ति के बाद युद्ध का यह विचार कोई नयी बात नहीं हैं । हम पुराने नियम में यहूदियों के साथ यही होता देखते हैं । शैतान शुरू से ही परमेशवर का विरोध करता आ रहा हैं , परंन्तु उसे कोई ठिकान नहीं मिलता। जब उसने परमेशवर के प्राणियों के माध्यम से उस पर हमला करना शुरू किया तो उसे खासी प्रगति मिली। पहले अदन मे आदम और हवा थे, फिर अब्राहम इज़हाक याकूब और युसफ। परमेशवर के लोगो को 400 साल तक मिसर की दासता में रहना पड़ा जब तक परमेशवर ने उन्हें आजाद नहीं किया। उसने यह सब किया: उनको मौत के फरिशते से बचाने को निर्दोष खून दिया, और लाल सागर बिना किसी नुकसान पार करने को समर्थ प्रदान की। उन्होंने उसके उद्धार को स्वीकार करने को छोड़ कुछ न किया। फिर उनके लिए लड़ाईयां शुरू हुई, अम्लिकियों ने हमला किया फिर कननियो ने और ऐसा चलता रहा। यहुदीओ को लड़ाई करना सीखना पड़ा। जब उन्होंने अपने अगुवा योहशु, (यूनानी में यीशु) के पीछे लड़ना सीखा तो उन्होने जीत लिया और उस भूमि को बसाया जिसको परमेशवर ने उनकी निज भूमि होने का करार किया था। जब हम अपने जनरल यीशु के पीछे होकर लड़ना सीखते हैं, तो हम भी जीवन में विजय हासिल कर सकते हैं ।

सबसे पहले, यह दुश्मन आप के खिलाफ कौन से हथियारों का उपयोग करता हैं ? बाइबिल कहती हैं ये तीन रूपी हैं –संसार, शरीर और शैतान। संसार से भाव हैं शैतानी प्रणाली पर आधारित विचारो, लोगो, गतिविधियों, उदेश्यों, लक्ष्यों, प्राथमिकताओं, मूल्यों की संगठित प्रणाली से हैं (1यूहन्ना 2:15, यूहन्ना 15:19) । संसार प्रकति का उल्लेख नहीं हैं ,परन्तु परमेशवर के मायनो का शैतान के द्वारा लिया गया नकली विकल्प हैं। सहकर्मी, दवाब अस्वीकृति, उत्पीड़न लोगो के साथ होने वाली समस्याएं गर्व, लोकप्रियता,और सफलता की इच्छा ये सभी ऐसे तरीके हैं जिन से शैतान हम पर संसार के माध्यम से हमला करता हैं . (मत्ती 4:8-10,12:26)

जब कि ये हमले बाहर से होते हैं, हमारे खुद के भीतर भी एक शत्रु हैं हमारा आपना शरीर | शरीर से हमारा मतलब हैं हमारा पुराना पापी स्वभाव, स्वाभाविक रूप से आत्मा केंद्रित, पाप से भरी, घमंडी, इच्छाशक्ति और अपरिपकव होने की प्रवत्ति (रोमियो 7:15-25, गलतियों 5:19-20)। यहां तक की शरीर में जिसे हम अच्छा कहते हैं वह गंदे चीथड़ों के सामान हैं (यशयाह 64:6)। इसके फलस्वरूप हम पाप करते हैं। बुरी बातें सोचना और बुरे काम करना पाप हैं, बुरे मकसद के लिए अच्छे काम करना, या वह अच्छे काम न करना जो किये जाने चाहिए, भी पाप हैं। चिंता करना, डरना, क्रोधी होना लालची होना अपनी वासना को पूरा करना, सिर्फ अपने बारे में सोचना आत्मनिर्भर महसूस करना, आत्म सात्विक, ईर्ष्या करना चुगली करना और निंदा करने की अजमाइश प्रलोभन शरीर के माध्यम से आते हैं । (इफिसियो 4: 22-27)

यह पुस्तिका आपको आध्यात्मिक युद्ध में मदद करने के लिए रूपांकित की गयी हैं । यह दुश्मन के साथ आपकी लड़ाई और यीशु में विजय कैसे हासिल करनी हैं उसका सारांश करेगी। यह मेरी आध्यात्मिक युद्ध पुस्तिका 1995 का अध्यतन और विस्तारित संस्करण हैं यह उसकी जगह पर हैं ।

बुनियादी आवश्यकताएं : परमेशवर की सेना में शामिल होने के लिए।

जैसे भौतिक सिद्धांत हमारे चारो ओर ब्रम्हांड को नियंत्रित करते हैं वैसे ही आध्यात्मिक सिद्धांत भी हैं जो परमेशवर के साथ हमारे सम्बन्धो को नियंत्रित करते हैं। पहला और सबसे बुनियादी सिद्धांत हैं कि परमेशवर हमसे प्यार करता हैं और हमारे जीवन के लिए एक अध्भुत योजना रखता हैं (यूहन्ना 3:16) लेकिन जब पाप ने संसार में प्रवेश किया तो इसने मनुष्य को हमारे पवित्र परमेशवर से अलग कर दिया (रोमियो 2:23) । एक न्यायी और धर्मी परमेशवर के द्वारा पाप को अनदेखा नहीं जा सकता, परन्तु इसके लिए भुगतान किया जाना चाहिए और क्यों कि हमारे पापों के लिए भुगतान करने का कोई रास्ता नहीं हैं, परमेशवर खुद अपने महान प्यार में हमारे पापो के लिए भुगतान बना। वह पहला क्रिसमस इस तथ्य को दर्शाता हैं कि उसने स्वेछा से धरती पर एक इंसान के रूप में आने के लिए स्वर्ग छोड़ दिया ।

हालांकि हम क्रिसमस पर यीशु के जन्म का जश्न मनाते हैं । लेकिन हम जानते हैं कि वह सिर्फ हमे त्यौहार देने के लिए पैदा नहीं हुया था जहां हम उसे एक बच्चे के रूप में याद करते हैं- वह हमारे पापो की कीमत चुकाने के रूप में मरने के लिए पैदा हुआ था। हम एक बच्चे के रूप में यीशु की आराधना करते हैं, लेकिन कहानी यहाँ, समाप्त नहीं होती। वही यीशु बड़ा हुआ और उन सब से होकर गुजरा जिन से हम भी जीवन में होकर गुजरते हैं ।

उसे अस्वीकार कर दिया गया और सूली पर चढ़ा दिया गया, लेकिन सूली पर मरते समय उसने हमारे संभवत पापो की अनंत सजा को सहन किया। दूसरे शब्दों में वह हमारे नर्क से होकर गुजरजने की जगह नर्क से होकर गुजरा ताकि हमे न गुजरना पड़े (रोमियो 5:8)। क्योकि वह मनुष्य था वह हमारा प्रतिनिधित्व कर सकता था और हमारी जगह ले सकता था , क्योकि वह परमेशवर था इसलिए उस दंड को सहन कर सकता था जिसका हम कभी भी अनुभव नहीं कर सकते। क्रूस के अंत में यीशु ने कहा **यह पूरा हुआ** और उसकी आत्मा स्वर्ग लौट गयी। उसका शरीर एक कब्र में रखा गया लेकिन तीन दिन बाद जीवन में वापस आ गया, यह साबित करते हुए की पाप और मृत्यु पर हमेशा के लिए विजय प्राप्त की गई थी।

आज वह स्वर्ग में हैं । वहां उसने हमारे लिए एक जगह बनई हैं , अगर हम केवल उस उपहार और आनंद को जो उसने पेश किया हैं स्वीकार करते हैं । मुक्ति हर व्यक्ति के लिए मुफ्त उपलब्ध हैं (इफिसियो 2:8-9) लेकिन यह एक ऐसा उपहार हैं जिसे हमे स्वेच्छा से अपनी आवश्यकता को पहचान कर प्राप्त करना चाहिए और उसे हमारे पापो को क्षमा करने और हमारे जीवन में वास करने की विनती करनी चाहिए। (यूहन्ना 1:12) । तब वो हम मे वास करता है और जीवन में नया अर्थ और क्षमता देता हैं। यदि आपने इस अध्भुत मुफ्त उपहार को ग्रहण नहीं किया हैं तो परमेशवर से उद्धार का उपहार मांग ले।

जबकि कोई विशेष या जादुई शब्द उपयोग करने के लिए नहीं हैं यहां परमेशवर से मुक्ति के लिए मुफ्त उपहार को स्वीकार करने के लिए प्रार्थना करने का विचार हैं । शब्दों का कहा जान नहीं परन्तु उसका मतलब हैं जो अंतर लाता हैं यह प्रार्थना का नमूना हैं जिसका आप उपयोग कर सकते हैं ।

प्रिय यीशु मै पहचानता हूँ की मुझे आपकी आवश्यकता हैं। मै जनता हूँ की मै पाप करता हूँ और आप की दृष्टि में दोषी हूँ। स्वर्ग छोड़ कर पृथ्वी पर आने और मेरे पापो के लिए सूली पर मरने के लिए मै आप का धन्यवाद करता हूँ। मै जानता हूँ आपने क्रूस पर मेरा अनंत लानत को अपने ऊपर ले लिया और उसका मूल्य भुगतान किया । कृपया मुझे पापो की क्षमा दे और अपनी पवित्र आत्मा से भर दे। मै आपके मुफ्त दिए जाने वाले मुक्ति के उपहार को स्वीकार करता हूँ। मै केवल आप के लिए जीना चाहता हूँ। मै अपने जीवन में आपको पहला स्थान देता हूँ और आपकी सेवा करना चाहता हूँ। मैं अन्य हर शक्ति का इंकार करता हूँ और उसका अपने जीवन पर प्रभाव डालने से रोकता हूँ। प्रिय यीशु मुझे भर दे और मेरा उपयोग करे मुझे सुनने और उत्तर देने के लिए मै आपका धन्यवाद करता हूँ। यीशु के नाम पर प्राथना करता हूँ। आमीन

देखे, अगर आप ने पहले कभी यह या इस तरह से प्रार्थना की हैं तो आप नया जीवन पाए हुए परमेशवर के परिवार में हैंऔर कोई आप की मुक्ति को छीन नहीं सकता । शैतान का पहला झूठ हमे अपने कोई उद्धार पर संदेह कराना हैं , यह सवाल करना कि क्या हम परमेशवर की संतान हैं या नहीं। अगर आपको शक हैं की कहीं आपने पहले ऐसा नही कहा हैं , तो अभी प्रार्थना करे, आपना नाम और दिनाक लिखें आप वास्तव में जान लेंगे की आप परमेशवर की संतान हैं और परमेशवर की सेना मे हैं ।

नाम..... दिनांक.....

आध्यात्मिक युद्ध क्यों ?

आज ऐसे लोग है जो कहते हैं की मसीही लोगो का आध्यात्मिक युद्ध में शामिल होना नहीं बनता परन्तु बजाए इसके उन्हें केवल परमेशवर पर भरोसा रखना हैं और उसके बारे में सोच विचार करना हैं । जब की परमेशवर ही हमारा एकमात्र केंद्र हैं , उसने हमे इस क्षेत्र में विजय पाने के लिए उपयोग करने को उपकरण दिए हैं। उसने हमे भौतिक क्षेत्र में उपयोग करने के लिए चिक्त्सियाज्ञान दिया है, आधियत्मिक क्षेत्र में हमारी मदद करने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान भी प्रदान किया हैं । पौलुस ने हमे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा हैं कि हम शैतान के उपकरणों से अनजान न रहे। (2 कुरिनिथियो 2:5- 11)। हमे इन संसाधनों को समझना और उनका उपयोग करना हैं, जो उस ने प्रदान किया हैं । मै विश्वास करता हूँ कि परमेशवर हमे आध्यात्मिक युद्ध में शामिल होने की आज्ञा देता हैं (1 तीमुथियुस 6:12)। यहां कुछ कारण हैं :

1. बाइबिल हमे आध्यात्मिक युद्ध का उपयोग करने की आज्ञा देती हैं।

हमारा संघर्ष खून और मांस के खिलाफ नहीं प्रन्तु सिध्दांतो आदि के खिलाफ हैं । इफिसियो 6: 10-12 हम शैतान के उपकरणों से अनजान नहीं हैं (2 कुरिन्थियों 2:11) हमे आपने दुश्मन से लड़ने से पहले उसको समझना हैं (लागत की गिनती) लूका 14:31, इफिसियो 5 में कवच-, अगर वहां कोई आध्यात्मिक लड़ाई चल ही नहीं रही थी तो हमे कवच क्यों दिया जाएग।

अगर परमेशवर संप्रभु हैं तो हमे शैतान से लड़ने की क्यों जरुरत हैं ?

अगर परमेशवर संप्रभु हैं, तो हमे प्रार्थना करने की ,गवाही देने की, विश्वास करने की, आपने पैसो के लिए काम करने की, सावधानी से गाड़ी चलाने की, डॉक्टर के पास जाने की, या इन में से किसी भी काम की क्या जरूरत हैं ? अगर हम परमेशवर पर भरोसा करते हैं ? तो हम रात को अपने दरवाजे कयो बंद करते हैं ? कुछ ऐसी चीज़े हैं जिनको परमेशवर की सामर्थ में हमारे द्वारा किये जाने की परमेशवर उम्मीद करता हैं । ऐसा करने में हम उस पर भरोसा करना सीखते हैं। यहूदियो को कानान की भूमि दी गई थी, परन्तु उसमे रहने के लिए उनको युद्ध सीखना पड़ा। जब हम उनके प्रावधान, पराक्रम और उद्धार को देखते हैं तो हम उसकी अधिक प्रशंसा करते हैं । हम दुसरो के लिए प्रार्थना करने और मार्गदर्शन करने में बेहतर होते हैं। इसके अलावा हम पाप की भयंकरता और उसके परिणामो को देखते हैं ताकि हम इससे आसानी से मुड़ सके। जब वह हमे विजय के लिए इस्तेमाल करता हैं हम उसकी महिमा देखते हैं । अन्य लोग इसे देखते हैं और उनकी द्रष्टि में उसकी महिमा होती हैं ।

2. यीशु ने आध्यात्मिक युद्ध का उपयोग किया।

बाइबिल में यीशु शैतान और राक्षसो के बारे में बात करता है। उसने राक्षसो को निकाला और चेलों को शैतान से लड़ना और राक्षसो को निकाल फेकना सिखाया और इसकी आज्ञा दी | (मत्ती 10:8, लूका 10:1 , 17- 20) वह उदास हो गया जब उसके चेले उसके बिना एक दानवग्रस्त बालक को उद्धार नहीं दे सके। (मरकुस 9: 14-29) । धार्मिक शासको ने यीशु पर दोष लगाया (मरकुस 3: 22) और यूहन्ना बपितस्मा देने वाले पर (लूका 7: 33) कि यह दोनों दानवग्रस्त हैं । उसने भी अपने चेलों को राक्षसो को निकाल फेकने कि आज्ञा दी।

3. दुसरो के उदाहरण जिन्होने आध्यात्मिक युद्ध का उपयोग किया।

दानियेल नबी ने तीन सप्ताह तक आध्यात्मिक युद्ध कि प्रार्थना की (दानिएल 10:2-6 , 12-14)।

यिर्मयाह नबी की पूरी सेवकाई आध्यात्मिक युद्ध में से एक थी।

पौलुस दो बार राक्षसो को निकल फेकने में शामिल हुआ और आध्यात्मिक युद्ध के बारे में काफी कुछ लिखता हैं (प्रेरितो के काम 13: 6-12 , 16:16-18, इफिसियो 4:26-27 , 6:10-13, , गलतियों 2:10-13, आदि)

मूसा को शैतानी ताकतों द्वारा चिनौती दी गई (जॉनस और जैमिब्रज - निर्गमन 7:1-11)

कलीसिया के इतिहास में परमेशवर के लोगों के आध्यात्मिक युद्ध में शामिल होने के कई उदाहरण हैं ।

4. व्यक्तिगत अनुभव आध्यात्मिक युद्ध को मदद देता हैं ।

बहुत लोगो की गवाही, जो आध्यात्मिक युद्ध में शामिल थे, मसीही समाज में इसके महत्व को एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में मान्यता देते हैं । यह हमारा एकमात्र उपकरण नहीं हैं विभिन्न कामो के लिए विभिन्न उपकरणों की जरूरत होती हैं । आध्यात्मिक युद्ध कई उपकरणों में एक हैं (प्रार्थना, गवाही, परामर्श, प्रशंसा आदि) जो परमेशवर हमे उचित समय पर उपयोग करने के लिए देता हैं |

5 . अंतिम दिनो का आध्यात्मिक युद्ध पर जोर ।

जैसे जैसे हर्षोन्माद (कलीसिया का उठाया जान) नजदीक आता हैं आध्यात्मिक युद्ध बड़ेगा । महाकलेश के समय यह और भी बड़ जायेगा जैसे शैतानी ताकतों को छोड़ा जायेगा।

I -कमान अधिकारी (सेनपति)

क-अच्छे दल

परमेशवर - हमारा कमान अधिकारी- (सेनपति)

सब कुछ परमेशवर से शुरू होता हैं । सब कुछ उसी से आया हैं । यदि आप परमेशवर की मौजूदगी के बारे अनिश्चित हैं तो आपको आगे बढ़ते हुए इसे आपने दिमाग में स्थापित करना होगा। कृप्या परिशिष्ठ का पेज 79-------81 पढ़े। बाइबिल सब क्षेत्रो में हमारे लिए सर्वोच्च अधिकार हैं जो आज हमारे लिए परमेशवर की सच्चाइयो को प्राग्ट करती हैं । यदि आप बाइबिल की प्ररेणा और सत्यता के बारे में अनिश्चित हैं तो कृपया परिशिष्ठ पेज 82-86 को पढे। जारी रखने के लिए यह आपके दिमाग में पूरी तरह बसना चाहिए। अंत में आपको एक संदेह की शाया से परे विश्वास करना चाहिए क़ि यीशु परमेशवर हैं जो स्वंय पृथ्वी पर आया। यधि अनिश्चित हो तो परिशिष्ट 3 पेज 87 -91 पढ़े। परमेशवर हमारे आध्यात्मिक युद्ध हर के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में भी सेनपति हैं ।

फ़रिश्ते हमारे सहायक

सृष्टि

दुनिया को बनाने से पहले परमेशवर ने स्वर्गदूतो को बनाया था (अय्यूब 38:6-7) उसी समय उसने हम में से प्रत्येक को बनाने की योजना बनाई (और पहले से ही हमे अपने दिमाग में जानता था) उसने अनगिनत संख्या में स्वर्गदूतो को बनाया (इब्रानियों 12:22 प्रकाशितवाक्य 5:11) । तब से कोई भी स्वर्गदूत न बनाया गया हैं और न ही नष्ट किया गया हैं । संख्या बिलकुल वही हैं । जो लोग मरते हैं वह स्वर्गदूत नहीं बनते अनंतकाल में हमारा स्वर्गदूतो की तुलना में अधिक वजूद होगा (कुरिन्थियों 6:3)

व्यक्तित्व

परमेशवर ने अपनी छवि में स्वर्गदूतो और मनुष्यो को बनाया हैं जिसमे हम सभी के पास तर्कसंगत रूप से सोचने और तर्क करने के लिए दिमाग हैं (1 पतरस 1:12) , महसूस करने और अनुभव करने के लिए भावनएं हैं (लूका 2:13) और अपनी किस्मत चुनने के लिए एक स्वतंत्र इच्छा हैं (यहूदा 6)। सृष्टि के तुरंत बाद शीर्षदूत (लूसिफर जिसे अब शैतान कहा जाता हैं (यहेजकेल 28:12-15) ने परमेशवर के खिलाफ विद्रोह करने के लिए अपनी स्वतंत्र इच्छा का उपयोग किया (2 थिस्सलुनीकियो 2:4) और परिणाम के स्वरुप स्वर्ग से बाहर निकाल दिया गया ।(यशयाह 14:12-15, यहेजकेल 28:15-17 ,लूका 10:18)। स्वर्गदूतो के पास शैतान या परमेशवर का अनुसरण करने के चुनाव का एक समय का ही विकल्प था । लगभग एक तिहाई ने शैतान के विद्रोह का अनुसरण किया और आपना पहला स्थान खो दिया जिन्हे अब दानव/दानव कहा जाता हैं (प्रकाशितवाक्य 12:4) यह एक मात्रा समय था जब स्वर्गदूतो को अपनी स्वतंत्र इच्छा का प्रयोग करने का अवसर मिला। वे अब बंद हैं , और आपने स्थान को नहीं बदल सकते (स्वर्गदूत दानव नहीं बन सकते और न दानव स्वर्गदूत बन सकते हैं) । स्वर्गदूतो को नहीं पता हैं कि उन के जीवन मे परमेशवर के अनुग्रह का अनुभव करना कया है । यही कारण है कि वह हमे देखने मे बहुत रुचि रखते है जैसे हम आपना जीवन जीते हैं (1 पतरस 1:12) और बातचीत करते हैं और परमेशवर के अनुग्रह और प्यार को उस रूप में देखते हैं जिसका अनुभव वह व्यक्तिगत रूप से नहीं करते हैं। वह हम पर परमेशवर की अनर्जित कृपा से और परमेशवर से प्रभावित हैं , जैसे हम तो अयोग्य हैं, और हमरे लिए पर परमेशवर के विशेश प्रेम पर वो आचार्यचकित हैं ।

प्रकृति

स्वर्गदूत आत्मिक प्राणी हैं । वह परमेशवर की तरह नहीं हैं इसलिए सब कुछ नहीं जानते। वे एक समय में एक स्थान पर रहने को सीमित हैं । वह सर्वशक्तिशाली या सर्व ज्ञानी नहीं हैं (भजन सहिता 103:20, 2 थिस्सलुनीकियो 1:7) उनका कोई भौतिक शरीर नहीं हैं , लेकिन कभी कभी एक व्यकित के रूप में दिखाई देते हैं (इब्रानियों 13:1)। यह परमेशवर के लोगो की जरूरत में मदद करने के लिए हैं । कुछ के पास शक्ति और महिमा दिखने के लिए पंख होते हैं , लेकिन सभी के पंख नहीं होते। सभी लक्षणो को रखते हुए , हम मर्दाना और स्त्री लिंग कहेगे , प्रन्तु स्वर्गदूतो को हमेशा मर्दाना ही कहा जाता हैं । पुरुष सर्वनाम ही हमेशा उपयोग किये जाते हैं । स्वर्गदूत भिन्न होते हैं , जैसे लोग भिन्न होते हैं : परमेशवर की सेवा में विभिन लक्षणों और कौशल ,क्षमताएं और कार्य में स्वर्गदूत न जनम देते हैं और न दे सकते हैं (मत्ती 22:30 ,मरकुस 12:25) हालाँकि ऐसा लगता हैं की राक्षसो ने किसी तरह नूह के दिनों में बाढ़ से पहले महिलाओ को गर्वभती कर दिया (उत्पत्ति 6:1-4) स्वर्गदूत कभी नहीं मरते (लूका 20:36)।

संगठन

स्वर्गदूत (और दानव भी) सैन्य जैसे फेशन में आयोजित किए जाते हैं जैसे जनरल , कर्नल , लेफ्टिनेंट, सूबेदार, प्राइवेट आदि। इन्हे प्रदानदूत , राजकुमार , शासक , सेराफिम आदि कहा जाता हैं (रोमियो 8:36 , इफिसियों 3:10 , 6:12 , कुलुस्सियों 1:16 , 2:5 । कुछ के पास भौगोलिक क्षेत्रों पर नेतृत्व हैं , अन्य के पास लोगो के समूह पर, जैसे मीकाईल प्रदान स्वर्गदूत इजराइल की देखभाल करता हैं ।

जाहिर तौर पर विभिन्न विशेषताओ और भूमिकाओ के साथ स्वर्गदूत विभिन्न प्रकार के होते हैं :करुब सेराफिम और प्रदान स्वर्गदूत ,सेराफिम (यशायाह 6:2-3 , यहेजकेल 1:27) का आम तौर पर परमेशवर की उपस्थिती से जुड़े हुए होने के कारण क्रोधित रूप हैं । चेरुबीम (उतपत्ति 3:24 , निगर्मन 25:18-22, इबनियो 9:5) का प्रतिनिधित्व पंख, पैर ,हाथ और एक से अधिक चेहरे से होता हैं (यहेजकेल 41:18 , 10:21 । वे पवित्र चीज़ो की रक्षा करते हैं (जीवन के पेड़ की , उतपत्ति 3:24 , वाचा के संदूक की , 1 शमूएल 4:4) प्रदानदूत सर्वाच्च प्राणी हैं , सबसे बड़ी शक्ति और ऐश्वर्या के साथ बनये गए हैं । लूसिफ़र (यशायाह 14:12) एक प्रदान स्वर्गदूत था। मीकाईल (1 थिस्सलुनीकियो 4:16 , यहूदा 9) और जिबराईल (दानिय्येल 8:15 - 26 , 9 :21 -27 , लूका 1:11 -38) मीकाईल और जिबराईल योद्धा स्वर्गदूत हैं (प्रकाशितवाक्य 12:7) जो युद्ध करते हैं (दानिय्येल 10:13,21,12:1)। जिबराईल यहूदियों की देखभाल का प्रभारी प्रतीत होता हैं । अन्य स्वर्गदूत इनके आधीन प्रधिकरण और कार्य के विभिन्न स्त्रो में मौजूद है (इफिसीयो 6:12)। परमेशवर के पास सैन्य ढंग से संगठित स्वर्गदूत हैं जिनकी जनरलों से लेकर प्राइवेट तक एक सैन्य कमान हैं ।

कर्तव्य

स्वर्गदूत के लिए यूनानी भाषा का शब्द हैं अन्जेलोस । एंजेलस जिसका अर्थ होता हैं संदेशवाहक। वास्तव में यह शब्द हमारी बाइबिल में अनुवादित हैं (अंग्रेजी के अक्षर यूनानी के अक्षरो का स्थान लेते हैं प्रन्तु शब्द समान हैं)। अगर इसका अनुवाद अंग्रेजी मे किया गया होता तो हमारे पास स्वर्गदूत की जगह हर बार संदेशवाहक दिखाई देता। यह मूल रूप से उसका कार्य हैं - परमेशवर के संदेशवाहक

(नौकर) वे परमेशवर के सेवक हैं जो परमेशवर के लोगो की मदद करते हैं (इब्रानियों 1:14)। वयक्तिगत स्वर्गदूत बच्चों और विश्वासियों के लिए नियुक्त किए गये मालूम होते हैं (प्रेरितो के काम 12:12) कि वह उनकी विशेष तरीके से मदद करे, परमेशवर अपनी संप्रभु शक्ति का उपयोग करके ऐसे कार्य कर सकता हैं , जैसे कि एक वाहन दुर्घटना को रोकना या किसी बच्चे को गिरने से चोटिल नहीं होने देना आदि, लेकिन आम तौर पर ऐसे काम करने के लिए उसके पास स्वर्गदूत हैं । वे परमेशवर के लोगो कि रक्षा करते हैं (भजन सहिता 34 : 7, 91 : 12 , मत्ती 18:10)। वे प्रार्थनाओ के जवाब लाते हैं (प्रेरितो के काम 12:7) , हलाकि कभी कभी दुषट आतमाये उनका विरोध करती हैं और जवाब आने में देरी होती हैं (दानिय्येल 10:10-21) । वे हमारे भौतिक , आध्यात्मिक और भावनत्मक जरूरतों कि सेवा करते हैं(इब्रानियों 1:14) स्वर्गदूत विश्वासियों को देखते और सीखते हैं (1 कुरिन्थियों 4:9, 1 तीमुथियुस 5;2)। खतरे में वह हमे उत्साहित करते हैं (प्रेरितो के काम 27:23-24)। वह प्रचार में भी मदद करते हैं (लूका 16:22, प्रेरितो के काम 8:26)। वे परमेशवर के लोगो कि देखभाल करते हैं जब वह मर जाते हैं (लूका 16:22 , यहूदा 9:) वे दानवो के खिलाफ लड़ते हैं (प्रकाशितवाक्य 12)। वे परमेशवर के अनुग्रह के बारे में जानने के लिए परमेशवर के बच्चो को देखते हैं (1 पतरस 1:12)।

स्वर्गदूतो के प्रति हमारी प्रतिक्रिया

स्वर्गदूतो के साथ संचार नहीं किया जा सकता , आदेश नहीं दिया जा सकता या किसी भी तरह से हमारे द्वारा संपर्क नहीं साधा जा सकता। वे परमेशवर कि महिमा को नहीं चुराते। हमे किसी भी तरह उन पर आपन ध्यान केंद्रित नहीं करना हैं ,और न ही उनकी पूजा करनी हैं (प्रकाशितवाक्य 19:10)। सारा श्रेय और गौरव सब उसी को जाता हैं (प्रकाशितवाक्य 4:11 , 5:9-11) सारा ध्यान उसी का हैं । बाइबिल में जब किसी के उन्हें श्रेय देने की कोशिश की तो उन्होंने इसे परमेशवर को दे दिया। हम उनके साथ संवाद करने के लिए नहीं हैं , लेकिन हम परमेशवर से बिनती कर सकते हैं कि वह उन्हें हमारे लिए विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए भेजे। और हाँ वह उसी समयप्रगटहोते हैं । बाइबिल में ऐसी कई घटना हैं । कभी कभी वे आध्यात्मिक प्राणी के रूप मेंप्रगटहोते हैं । मुझे लगता हैं कि छोटे बच्चे वयस्कों कि तुलना में उन्हें बहुत आसानी से देख या समझ सकते हैं । वह लोगो के रूप मे भी प्रगट होते है और हमारी मदद करते हैं बिना हमारे इस बात को जाने कि वह स्वर्गदूत हैं । इब्रानियों 13:2 इसके बारे में बात करती हैं । स्वर्गदूत हमेशा हमारी चारो ओर मौजूद होते हैं खासकर जब हम यीशु के नाम में अन्य विश्वासियों से साथ इकट्ठा होते हैं । हलाकि हम उन्हें कभी नहीं देख सकते जब तक परमेशवर हमरी आँखों को एक विशेष तरीके से नहीं खोलता। इसकी बहुत संभावना हैं कि आप ने स्वर्गदूतो को देखा हैं परन्तु लोगो के रूप में ,और इसलिए उन्हें एक स्वर्गदूत के रूप में मान्यता नहीं दी (इब्रानियों 13:2) वह अजनबी जो सही समय पर मदद प्रदान करने के लिए दिखाई देते हैं जिसे हम स्वर्गदूत कहते हैं , वह सही मायने में एक स्वर्गदूत हो सकता हैं ।

ख - बुरे दल

शैतान - दुश्मन सेनापति

शैतान का अस्तित्व - दुर्भाग्य से हम ऐसे समय में रहते हैं जब अधिक लोग शैतान की तुलना एक पौराणिक प्राणी में विश्वास करते हैं । जो लोग उस पर विश्वास करते हैं वह उसे उससे भी ज्यादा छोटा बना देते हैं, जितना छोटा वो है ।

अगर आप शैतान को केवल बुराई से रूप में देखते हैं तो आप का शैतान बहुत छोटा हैं । एक पूँछ, त्रिशूल,लाल सूट में शैतान की तस्वीर प्राचीन काल से आती हैं । जब लाल का अर्थ मृत्यु ,सींग का अर्थ शक्ति और पूछ और खुर पशु का प्रतीक होता था । शैतान न की बुराई का प्रतिक हैं परन्तु एक वास्तविक जीवत व्यक्तित्व है। आपका शैतान बहुत छोटा हैं यदि आप उसे लम्बे समय से पहले या दूर स्थानों के लिए भेजते हैं ,वह बहुत छोटा हैं यदि आप मानते हैं कि वह मसीहीयों को अकेला छोड़ देता हैं (यह उसके सबसे बड़े झुठो में से एक हैं जिसका उपयोग वह अपने रास्तो को शिपाने के लिए करता हैं) यदि आप यह सोचते हैं की वह चमत्कार और शक्ति के अन्य काम करने में सक्षम नहीं हैं , या आप उसे पहिचान सकते और अपने बल पर जीत सकते हैं, तो वह बहुत छोटा हैं । वह शक्तिशाली हैं, और यहां तक की प्रकृति की शक्तियों जैसे बिजली और तेज़ हवा आदि का उपयोग अपनी इच्छा पूरी करने के लिए करता हैं । (अयूब 1:16,19)

दूसरी तरफ कुछ लोग ऐसे हैं जो शैतान को उस से अधिक शक्तिशाली मानते हैं जितना वह वास्तव में हैं । आपका शैतान बहुत बड़ा हैं यदि आप उसे एक बुरे ईश्वर के रूप में देखते हैं वह परमेशवर के बराबर नहीं हैं । वह एक समय एक ही स्थान पर रहने को सीमित हैं और वह सर्वज्ञानी नहीं हैं । यदि आप उससे डरते हैं और उस से लड़ने की कला सीखने को टालते हैं तो आप उसे बहुत बड़ा समझते हैं । शैतान के बारे में सचाई ये हैं की वह एक स्वर्गदूत के रूप में बनाया गया था। वह परमेशवर के सभी स्वर्गदूतो की सर्वोच्च श्रेणी में था जिसे परमेशवर ने सिर्फ एक ही बार बनाया (यहेजकेल 28:12,15) लूसिफ़र रूप में जाना जाने वाला यह प्राणी परमेशवर की उच्तम रचना था जो परमेशवर के सिंहासन के सबसे निकट था। हालाँकि उसने परमेशवर की सेवा करना न चाहा और परमेशवर की जगह खुद की आराधन करवाने की चाहत रखने लगा (2 थिस्सलुनीकियो 2:4) उसका पाप आत्म-अभिमान था : अभिमान (यशायाह 14:12-15) इसलिए परमेशवर ने उसे स्वर्ग से बाहर फेक दिया (यशायाह 14:12-15)। यहेजकेल 28:15-17, लूका 10:18) उसने अपने सभी पद और विशेषधिकार खो दिए। आपने विद्रोह के पाप के साथ वह ब्रमांड में प्रवेश हुआ।

<u>शक्ति</u> शैतान में बहुत ताकत हैं (इफसीसियो 6:12 ,1:21, प्रकाशितवाक्य 9:3,10, प्रेरितो के काम 26 :18,1 कुरिन्थियों 15:24, कुलिसियो 1:16,2:10,15) उसके पास मृत्यु की शक्ति हैं। (इब्रानियों 2:24, लूका 11:21-22) परन्तु इसे केवल परमेशवर की अनुमति से ही उपयोग कर सकता हैं (अय्यूब 1-2)

वह जाल और योजनओ का उपयोग करता हैं (इफसीसियो 6:11-12) झूठ और धोकेबाज़ी का उपयोग करता हैं (यूहन्ना 8:44) वह सिंह की तरह खाने को भटकता हैं (1 पतरस 5:8)

उसकी शक्ति यीशू की शक्ति से हीन हैं , वह एक समय एक ही स्थान पर हो सकता हैं (कुलुस्सियो 1 :16, 2:10, 15) (दानिय्येल 9:21,10:12-14,20, लूका 8:33) **[वह संप्रभ नहीं हैं जो सब कुछ और सभी पर कुल और पूर्ण अधिकार रखता हो]** (2 कुरिन्थियों 12:7) **सर्वशक्तिमान नहीं हैं (1 यूहन्ना 4:4) सर्वज्ञानि नहीं हैं, (2 पतरस 1:11-12) और सवर्व्यापी नहीं हैं (दानिय्येल 9:21)** वह हमारे खिलाफ परमेशवर की अनुमति के कुछ नहीं कर सकता , और वह जो कुछ कर सकता हैं परमेशवर सीमत करता हैं (अय्यूब 1:12)

हमे हमेशा याद रखना चाहिए के शैतान एक हारा हुआ दुश्मन हैं । वह आपने अभिमान के कारण स्वर्ग में आपने मूल स्थान से बाहर हो गया था (यहेजकेल 28:16,लूका 10:18,यशयाह 14:12) इसका फैसला अदन की वाटिका में सुनाया गया था (उतपत्ति 3:14-15) वह क्रूस से हार गया था (यूहन्ना 12:31) वह कलेश के दौरान पृत्वी पर फेका जायेगा (प्रकाशितवाक्य 9:1, 12:7-12) , और मेलिनियम में बांध दिया जएगा फिर गंदक से जलती हुई झील में हमेशा के लिए डाल दिया जायेगा (प्रकाशितवाक्य 20:7-10 यशायाह 27:1, 40:23-24, 2 थिस्सलुनीकियो 2:8)

<u>किरदार</u>

शैतान के भिन नमो को देखने से हमे उसके किरदारों और कामो को बेहतर समझने में सहायता मिलती हैं ।

एबडॉन , अपोलोन (प्रकाशितवाक्य 1:11) एबडॉन , यूनानी रूप हैं और अपोलोन इसका इब्रानी समकक्ष हैं । इन शब्दों का अर्थ हैं विनशकारी, विनाश। यह शीषर्क उसके विनाश के काम पर जोर देता हैं , वह मनुष्य के साथ परमेशवर के उदेश्य और परमेशवर की महिमा को नष्ट करने का काम करता हैं । वह मानव जाति और समाजो को नष्ट करने का काम करता हैं ।

भाईयो पर दोष लगाने वाला (प्रकाशितवाक्य 12:10) दोष लगाने वाले के लिए यूनानी भाषा का शब्द हैं <u>कथगोर</u> , जो किसी ऐसे व्यक्ति के सन्दिर्भित करता हैं जो दुसरो के खिलाफ निंदा का आरोप लगाता हैं । अय्यूब 1 और 2 के मदेनजर यह परमेशवर और उसकी योजना के चरित्र को ख़राब करने का एक प्रयास भी हैं ।

बिलजेबुल - (मत्ती 12:24 , मरकुस 3:22) इस शब्द के तीन संभावित अक्षर अलग अलग अर्थ रखते हैं (1) " बिल्जेबुल का अर्थ हैं गोबर का स्वामी " कलंकित नाम। (2) बिलजेबूब का अर्थ हैं "मक्खियो का स्वामी" । इन दोनों में से कोई भी एक अशुधता और अपवित्रता के राजकुमार शैतान पर लागु किया गया हैं (3) बिलजेबौल का अर्थ हैं " निवास का स्वामी " यह शैतान को दानवो पर कब्जे का स्वामी रूप में पहचान देता हैं । इन अक्षरों के पीछे कुछ पांडुलिपि सबूत हैं ।

बेलियल (2 कुरिन्थियों 6 : 15) इस नाम का अर्थ हैं " बेकार या निराशाजनक । निरशजनक बर्बाद | मूलयहीनता और सभी मर्तिपूजा का साकार रूप और धर्म का स्रोंत जो निराशाजनक या निरर्थक भी हैं।

दुष्ट- (मत्ती 4:,5,9, इफिसियों 4:27, प्रकाशितवाक्य 12:9,20:2) दुष्ट युननी भाषा का शब्द डायनलॉस से हैं जिसका अर्थ हैं निंदा करने वाला, बदनाम करने वाला। यह परमेशवर के चरित्र और काम पर संन्देह करने के लक्ष्य को पूरा करता हैं ।

ड्रैगन (अजगर) (प्रकाशितवाक्य 12:7) यूनानी का शब्द हैं डरकोन ,जो एक डरावना दानव , एक बड़े सांप को संदर्भित करता हैं । यह शब्द शैतान के करूर , शातिर और खून के प्यासे चरित्र और शक्ति को दर्शाता हैं ।

पापी- (यूहन्ना 17 : 15 , 1 यूहन्ना 5 : 9) यूनानी शब्द पोनेरो का अर्थ हैं दुष्ट , बुरा, बेकार , शातिर , अनैतिक , पतित और आधार हैं । यह शैतान के सर्किय और निदंनीय चरित्र को बताते हैं ।

रोशनी का झूठा फरिश्ता (2 कुरिन्थियों 11 : 14) उसका एक उदेश्य हैं कि वह मनुष्य को परमेशवर के जैसे जितना भी हो सके बनाऐ, लेकिन हमेशा परमेशवर से अलग और बाहर। इस लिए वह परमेशवर और उसकी योजना कि जितनी हो सके और जैसे हो सके नकल करेगा , लेकिन वह हमेशा या तो विक्रतु स्थानपन्न होगा या सत्य के प्रमुख उन सम्रगिरियो को छोड़ देगा जो मसीह के माध्यम से मुकित और पवित्रता की योजना के लिए महत्वपूर्ण हैं ।

झूठ का पिता (यूहन्ना 8 : 44) राक्षसी ताकतों और धोखेबाजी के माध्यम से धोखे के आपने नेटवकृ का उपयोग करते हुए वह परमेशवर के नाम पर झूठे सिध्दांतो को बढ़ावा देता हैं ।

इस विश्ववं या युग का देवता (2 कुरिन्थियों 4 : 4) इस तथ्य के कारण शैतान को संसार का देवता कहा जाता हैं (यूनानी ऐयोनोस , युग) इस अंतिम काल या अर्थव्यस्था पर शैतान के शासन पर जोर देता हैं जो इस द्वारा चिहिन्त हैं अर्थात धर्मत्याग , धोखे और अनैतिकता में बढ़ती हुई वृध्दि।

लूसिफर (यशायाह 14 : 12) लूसिफर के लिए इब्रानी शब्द का शाब्दिक अर्थ हैं <u>एक चमकता हुआ</u> । यह नाम हमारा ध्यान उसकी पूर्व - पतन सिथति और उसके गिराए जाने का कारण बने उसके सुभाव की ओर खींचता हैं -अभिमान।

राजकुमार या शासक (यूहन्ना 12 : 31) यूनानी का शब्दिक अर्थ हैं इस विषव वयवस्था का शासक। यह शैतान की ओर इशारा करता हैं कि वह आज दुनिया में सारी वयवस्था के पीछे प्रमुख और ऊर्जा के रूप में मौजूद हैं ।

हवाओं की शक्तिओ का राजकुमार (इफिसियों 2 : 2) यह शैतान को सब गिरे हुए राक्षसी समुदाय के प्रमुख्य के रूप में दर्शता हैं जो दिन रात हमारे तत्काल आध्यातिमक वातावरण में काम करते हैं जिस पर शैतान का प्रभाव और नियत्रिण होता हैं ।

शैतान (अय्यूब 1 : 6-9 मत्ती 4 : 10) शीर्षक शैतान बाइबिल में 53 बार 47 आयतो में आता हैं । प्राथमिक विचार विरोध हैं ,जो पीछे कि ओर धकेलता हैं ।

सर्प (प्राकशिवाक्य 12: 9) शैतान का यह नाम उतपत्ति 3 और वाटिका में प्रलोभन के लिए दिखता हैं ।

आजमाने वाला (मत्ती 4 : 3 , 1 थिस्सलुनीकियो 3 : 5) यह शीर्षक उसकी प्राथमिक गतिविधियों में से एक साथ प्रगट करता हैं जिसके तहत वह शुरू से अदन वाटिका में हवा के साथ देखा गया।

प्रयोजन

उसका लक्ष्य परमेशवर की जगह दुनिया पर राज करना हैं । उस आदम के पाप करने द्वारा इस विषव वयवस्था पर अधिकार दिया गया और इसलिए हमारी विषव वयवस्था को नियंत्रिण करता हैं । (2 कुरिन्थियों 4 : 4 , इफिसियों 2 : 2, 1 यूहन्ना 5 : 19) वह इस पर शासन करता हैं (मति 4:8-9, यूहन्ना 12:31 , लूका 4:5-7 , यूहन्ना 14:30, 16:11) वह विषव दृष्टिकोण और इसके मूल्यों के पीछे हैं (याकूब 3:15)। वर्तमान में वह राष्टों को धोखा देने के लिए बोलता हैं (दानिएल 10:13,20, मति 4:8, इफिसियों 6:12 , प्रकाशितवाक्य 20:3, 7-8 , 16:14, 1 राजा 22:6-7)। वह मानव जाति को मूर्तिपूजा में ले जाता हैं (भजन सहिता 96:5 ,106:36-38 , लैव्यव्यवस्था 17:7 ,व्यवस्थाविवरण 32:17)। वह विशेष रूप से परमेशवर के लोगो इजराइल को नष्ट करना चाहता हैं (प्रकशितवाक्य 12:13-17, 20:10, 2 थिस्सलुनीकियो 2:9) और कलीसीया को ।

सब लोगो के विरुद काम

वह परमेशवर के सत्य के प्रति सुसमाचार के विरुद्ध मनो को सख्त करता हैं (मति 13:19-22)। वह उनके दिमाग को अंधा कर देता हैं (2 कुरिन्थियों 4:3-4, 2 थिस्सलुनीकियो 2:, लूका 8:12, कुलुस्सियों 2:18)। जब वह सच्चाई सुनते हैं तो शैतान उनके दिमाग से इसे छीनने की कोशिश करता हैं (मरकुस 4:15, मत्ती 13:19)।

वह सच्चाई से इन्कार करता हैं और झूठी शिक्षा को बढ़ावा देता हैं (उतपति 3:1 , 2 तीमुथियुस 4:3-4, 1 तीमुथियुस 4:1-2, 2 थिस्सलुनीकियो 2:9) । जैसे किसी भी जालसाज का सच हैं , वह आपके धोखे को सच्चाई के अधिक से अधिक निकट लाने की कोशिश करता हैं ताकि वह अधिक धोखा दे सके। पवित्रशस्त्र का अधिकार , यीशु का व्यक्तत्व और कार्य और अनुग्रह के द्वारा मुक्ति वह क्षेत्र हैं जिन्हे वह विशेष रुप से अस्पष्ट करने की कोशिश करता हैं , इसलिए सुनिशिचत करे की आप जो कुछ भी मानते हैं वह उसके दिल मे हैं ।

शैतान उन सभी पर जिन पर ला सकता हैं अत्याचार लाता हैं । वह बीमारी के माध्यम से जैसे गूंगापन (मरकुस 9:17-29) , अंधापन (मत्ती 12:22) , विकृति (लूका 13:11 -17) मिर्गी (लूका 9:37-43)

और कई अन्य तरह से। वह उत्पीड़न के लिए ईनका उपयोग करता हैं : मानसिक बीमारी (मरकुस 5:1-20, 9:14-29 , लूका 9:39) पाप (उत्पत्ति 3:13-24 , इफिसियों 2:2) विधिहीनता (2 कुरिन्थियों 6:15) और मृत्यु (प्राकशितवाक्य 18:2,9:13-18)।

<u>विश्वासियों के विरुद्ध काम</u>

शैतान का प्राथमिक उदेश्य परमेशवर के काम और परमेशवर के लोगो का विरोद्ध करना हैं । वह यहूदियों के खिलाफ उत्पीड़न और अत्याचार का नेतृत्व करता हैं । (प्राकशितवाक्य 12:13-17, 20:10, 2 थिस्सलुनीकियो 2:9) | वह विश्वासियों के खिलाफ विशेष रूप से कड़ी मेहनत करता हैं , क्योकि उसके अँधेरे में हम रोशनी हैं और उसके काम और राज्य के खिलाफ एक मात्र खतरा हैं। क्योकि वह अब सीधे यीशु पर हमला नहीं कर सकता हैं इसलिए वह परोक्ष रूप से उसके बच्चो पर हमला करके ऐसा करता हैं । वह परमेशवर के सामने हम पर आरोप लगता हैं (अय्यूब 1:6-21, 2 कुरिन्थियों 2:11, प्राकशितवाक्य 12:9-10, जकर्याह 3:1-2)। लेकिन यीशु हमारे बचाव पक्ष का वकील हैं , जब वह हम पर आरोप लगाता हैं (1 यूहन्ना 2:1)।

शैतान जो कर सकता हैं वह परमेशवर के प्रति हमारी सेवा में बाधा डालता और विरोद्ध करता हैं (2 कुरिन्थियों 4:4, 1 थिस्सलुनीकियो 2:18, 2 कुरिन्थियों 11:2-7, जकर्याह 3:1 , मत्ती 13:19)। वह झूठी शिक्षा से कलीसिया में धुसपैठ करने की कोशिश करता हैं , (1 तीमुथियुस 4:1-2, 2 थिस्सलुनीकियो 2:9) झूठे शिक्षक (1 तीमुथियुस 4:1-3, 1 यूहन्ना 4 :1 , 2 पतरस 2:1-2)और झूठे मसीही (मत्ती 13:38-40)।

जब कि सभी प्रलोभन शैतान और दानवो से नहीं आते , वह निश्चित रूप से सभी पापो में लुभाने के लिए अधिक से अधिक कोशिश करता हैं (2 कुरिन्थियों 2:11 , 1 तीमुथियुस 3:7, 2 तीमुथियुस 2:26) जैसे उसने यीशु को लुभाते समय किया। वह हमारे पाप स्वभाव का इस्तेमाल करेगा। (याकूब 1:14-15) , विशव व्यवस्था (1 यूहन्ना 2:15-16) या सीधे दानवो के हमले के माध्यम से (1 कुरिन्थियों 7:5)। वह क्रोध दिला सकता हैं और इसका इस्तेमाल कर सकता हैं (इफिसियों 4:27) , गर्व (1 तीमुथियुस 3:6 , 1 इतिहास 21:1 , 1 तीमुथियुस 3:6) अनैतिका (1 कुरिन्थियों 7:5), झूठ (प्रेरितो के काम 5:1-3) परमेशवर के वचन और भलाई पर संदेह करना (उत्पति 3:1-5 , लूका 4:9-12) , धोखा देने के लिए चमत्कार (मरकूस 4:8-9 , 2 कुरिन्थियों 11:13-15, 2 थिस्सलुनीकियो 2:3,9-11) , पाखण्ड (यूहन्ना 8:44 , प्रेरितो के काम 17:22) , आत्मनिर्भरता (1 इतिहास 21:1-7) चिंता और भय (1 पतरस 5:7-9 , इब्रानियों 2:14 , भजन सहिता 23:4) , विश्वास की कमी (लूका 22:31-32 , 1 पतरस 5:6-10) , शारीरिक कष्ट (अय्यूब 1:6-22 , 2:1-7 , यूहन्ना 8:44 , 1 कुरिन्थियों 5:5 , 1 तीमुथियुस 1:20) और किसी भी तरह का पाप (1 थिस्सलुनीकियो 3:5 , मत्ती 4:3 , 1 कुरिन्थियों 10:19-21 , 2 कुरिन्थियों 11:3, 13-15 , 1 यूहन्ना 3:8)।

दानव- दुश्मन सैनिक

सृष्टि - जब शैतान ने परमेशवर की सेवा करने की बजाय विद्रोह किया और परमेशवर विरोध का करने का फैसला किया तो लगभग एक तिहाई स्वर्गदूत उसके साथ जुड़ गए (प्राकशितवाक्य 12:4)। वे भी स्वर्ग के बाहर फेक दिए गए और अपनी स्थति और विशेषधिकार खो चुके थे। उन्हें अब दानव कहा जाता हैं । वह सभी स्वर्गदूतो की तरह व्यक्तित्त्व (मन , इच्छा शक्ति , भावनए) तो रखते हैं परन्तु शरीर नहीं। वे एक समय पर एक स्थान पर रहने को सिमित हैं और उनके पास सभी ज्ञान या शक्ति नहीं होती।

चरित्र

दानव का मतलब हैं विनाशकारी, उन्हें दुष्ट या अशुद्ध आत्मा भी कहा जाता हैं , इस तथ्य का उल्लेख करते हुए कि उनके पास एक भौतिक शरीर नहीं हैं । वे आपने पाप और अशुद्धता को किसी भी तरह से फैलाते हैं । वे आध्यात्मिक अंतकवादी हैं जो परमेशवर के राज्य के काम को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं । मानव आतंकवादियो से जैसे कोई सुरक्षित नहीं हैं , वे भी घातक रूप से गंभीर हैं और उन में कोई नरमी या दया नहीं हैं । वे शैतान की सेवा करते हैं जो उनका सेनापति हैं और उसके आदेशों को पूरा करते हैं । वे मूर्तियों या परमेशवर के अलावा किसी भी चीज को दी गई आराधना प्राप्त करते हैं (1 कुरिन्थियों 10:20)।

संगठन

शैतान आपने दानवो को उसी तरह से संगठति करता हैं जिस तरह से परमेशवर ने अपने स्वर्गदूतो को संगठति किया हैं - एक सैन्य जैसी संरचना में। या सेनापतियों , कर्नलो , मेजरो , लेफिटनंटो , सूबेदारों ,कार्पोरिल्स , गोपनीय आदि जैसे हैं (इफिसियों 6:12)। आमतौर पर एक मजबूत आदमी (या शासक) को एक कार्य सौपा जाता हैं , और उसके पास काम में मदद करने के लिए उसकी आज्ञा के तहित छोटे दानव होते हैं (मत्ती 12:25-29, दानिय्येल 10:2-6,12-14)। इन दानवो के नाम आमतौर पर उनके काम को संकेत करते हैं (डर , क्रोध , वासना , गर्व और धोखा , आदि)।

शक्ति

उनकी शक्ति , हलाकि उनके लिए सिमित हैं क्योकि वह शैतान के आधीन हैं और शैतान परमेशवर के अधीन हैं (अय्यूब 1:12)। वह परमेशवर का उत्तर देते हैं , जैसे हम अय्यूब की किताब में शैतान को उतर देता देखते हैं । वे शक्तिशाली हैं , लेकिन परमेशवर की तरह सर्वशक्तिमान नहीं हैं (यूहन्ना 10:21) वे अतिअधिक चतुर हैं , लेकिन परमेशवर की तरह सव्रज्ञानी नहीं हैं और आपने अंतिम भाग्य को जानते हैं (मत्ती 8:29) वह इधर से उधर जाने में संक्षम हैं लेकिन परमेशवर की तरह सर्वव्यपी नहीं हैं (दानिय्येल 9:21,10:12-14,20, लूका 8:33) वे शैतान के समान अंतिम भाग्य साँझा करते हैं । कुछ तो पहले से ही आंके जा चुके हैं और वे आने वाले न्याय का जंजीरो में बंधे हुए इंतजार कर रहे हैं (2 पतरस 2:4 , यहूदा 6, प्राकशितवाक्य 9:14-15)। अन्य दानव पहले से ही रसातल तक सिमित कर दिए गए हैं (लूका 8:31 , प्राकशितवाक्य 9:11)। जब शैतान को आग की झील में भेजा जायेगा तो यह

सब भी उसके साथ ही वहा जायेगे। (मत्ती 25:41)। शैतान और उसकी सेना हारे हुए दुश्मन हैं , जिन्होंने क्रूस पर यीशु को नाश करने के लिए आपना सब कुछ दाव पर लगा दिया परन्तु बदले में बुरी तरह से पिट गए (इब्रानियों 2:14-15, 1 पतरस 3:18-22)। जब यीशु वापस आएगा तो शैतान और उसके दानवो को हमेशा हमेशा के लिए आग की झील में डाल दिया जायगा (मत्ती 25:41, प्राकशितवाक्य 20:1-15)।

व्यक्तित्त्व

दानव आत्मा प्राणी हैं (इब्रानियों 1:14) लेकिन स्पष्ट रूप से प्रगट हो सकते हैं (उत्पत्ति 18:1-22, 9:1 , इब्रानियों 13:2)। वे अशुद्ध हैं (मत्ती 10:1, 1 शैमूएल 16 :14 , मरकुस 9:25 1 तीमुथियुस 4:1-3 , प्राकशितवाक्य 16:13-14 ,9 :17-19) पापी हैं (लूका 7:21 , मत्ती 12:45) अनैतिक हैं (उत्पत्ति 6) , दुष्ट हैं (इफिसियों 6:12) और झूठे हैं (1 यूहन्ना 4:6, 1 राजा 22:22-23)। उनकी क्षमता शैतान से आती हैं , जो उन्हें सब करने के लिए आदेश देता हैं और शक्ति देता हैं । वह अपनी शक्ति शैतान से प्राप्त करते हैं (मरकुस 5:1-18 प्राकशितवाक्य 16:13-16

सभी के विरुद्ध कर्त्तव्य

दानव शैतान की आज्ञाओ और इच्छाओ को पूरा करते हैं । आदम और हवा को पाप में फ़साने और दुनिया पर अधिकार पाने के बाद , शैतान और उसकी सेना ने परमेशवर को दी जाने वाली उपासना को रोकने और आपने लिए प्राप्त करने की कोशिश जारी रखी। वे अविश्वासियों के दिमाग को अंधा कर देते (2 कुरिन्थियों 4:4) और उनके दिलो से वचन छीन लेते (लूका 8:12) वे परमेशवर के काम का विरोध करने के लिए जो भी हो सकता करते (प्राकशितवाक्य 2:13) क्योकि वह परमेशवर पर हमला नहीं कर सकते हैं इसलिए आपना गुस्सा उन पर निकलते हैं जो परमेशवर के हैं - (आज यहूदी और मसीही)। शैतान और उसकी सेनाए मसीहीयों को झूठ बोलने के लिए लुभाती हैं (प्रेरितो के काम 5:3 , उन पर परमेशवर के सामने आरोप लगाते और उनकी निंदा करते हैं (प्रकाशितवाक्य 12:10) हमारे काम में बाधा डालते हैं (1 थिस्सलुनीकियो 2:18) हमे हराने के लिए हर संभव काम करते हैं (इफिसियों 6:11-12) अनैतिकता के लिए प्रलोभ देते हैं (1 कुरिन्थियों 7:5) और हमारे खिलाफ उत्पीड़न भड़काते हैं (प्रकाशितवाक्य 2:10)। वे मानव बुद्धि को बढ़ावा देते हैं (1 कुरिन्थियों 2:12, 2 कुरिन्थियों 11:4 , 1 यूहन्ना 4:5-6)। वे राष्ट्रों को प्राभावित और नियत्रित करते हैं (दानिय्येल 10:13,20 , इफिसियों 6:12) और इन्हे गुमराह करते हैं ताकि वह उन्हें नष्ट कर सके (यशायाह 9:14)। यह हमेशा ध्यान में रखा जान चाहिए कि बावजूद इन सब के परमेशवर संप्रभु नियंत्रिण करता हैं । वे परमेशवर की अनुमति के बिना कुछ भी नहीं का सकते (अय्यूब 1:6-12)।

शारीरिक रूप से

वे अलौकिक शक्ति दे सकते हैं (मरकूस 5:4) शारीरिक रूप से पीड़ा दे सकते हैं (प्रकाशितवाक्य 9:5,10) , भावनत्मक रूप से पीड़ा दे सकते हैं (1 शमूएल 16:14-23) , चमत्कार करते हैं (प्रकाशितवाक्य 16 :13-14 , 13:12-15) , रोग ला सकते हैं (मत्ती 9:33 , लूका 3:11,16) , मनुष्यो के अंदर वास करते हैं (मत्ती 8:28-34) और पशुओ में वास करते हैं (मत्ती 8:31-32)।

भावनात्मक रूप से

वे पीड़ा देते हैं (1 शमूएल 16:14-23) , डर पैदा करते हैं (1 शमूएल 18:12 , 15 , 2 कुरिन्थियों 11 :4 , 2 तीमुथियुस 1:7 , रोमियो 8:15 , अय्यूब 4:14-15) क्रोध पैदा करते हैं (1 शमूएल 18:10 -11) , ईष्या पैदा करते हैं (1 शमूएल 18:10-15) और विवेक को कठोर करते हैं (1 तीमुथियुस 4:2)।

यौन रूप से

वे अनैतिकता का कारण बनते हैं (प्रकाशितवाक्य 9:21-22 , 2 तीमुथियुस 3:1-9 ,1 तीमुथियुस 4:1-3) और सब प्रकार की अशुद्धता का कारण बनते हैं (जकर्याह 13:2)

मानसिक रूप से

वे बंधूआई पैदा करते हैं (2 कुरिन्थियों 11:4) , मन को प्रभावित करते हैं (उत्पत्ति 3:15 , इफिसियों 6:10-20 , 2 कुरिन्थियों 4:4 , कुलुस्सियों 1:13) , मन को नियत्रित करते हैं (1 कुरिन्थियों 10:20 , 2 कुरिन्थियों 4:4) और लोगो को धोखा देते , गुमराह करते और उन से झूठ बोलते (1 तीमुथियुस 4:1,6, 1 राजा 22:22-23 , 2 इतिहास 18:20-23)।

धार्मिक रूप से

वे झूठे सिंद्धात को बढ़ावा देते हैं (1 यूहन्ना 4:1-3 , 1 तीमुथियुस 4:1 , 1 राजा 22:22 , प्रकाशितवाक्य 16:13) , सच्चाई की नकल करते है (2 कुरिन्थियों 10:20-21) , पाखंड को बढ़ावा देते हैं (1 तीमुथियुस 4:2) , कानूनी भाषा को उसके मतलब से बढ़कर बढ़ावा देते हैं (1तीमुथियुस 4:3) , झूठे नबीयों और झूठे शिक्षकों का उपयोग करते हैं (1यूहन्ना 4:1, 1राजा 22:22-23 , 2 इतिहास 18:20-23) , भाग्योदय और मनोगत प्रथाओं का उपयोग करते हैं (प्रेरितो के काम 16:16 -18) और मूर्तिओ के लिए आराधना प्राप्त करते समय मूर्तिपूजा को बढ़ावा देते हैं (लैव्यव्यवस्था 17:7 ,व्यवस्थाविवरण 32:17 , भजन सहिता106:37 , प्रकाशितवाक्य 9:20, होशे 4:10-12, 5:4, प्रेरितो के काम 16:16, 1 कुरिन्थियों 10:20)।

विश्वासीयो के विरुद्ध विशेष कर्तव्य

वे विशेष रूप से विश्वासीयो के विरुद्ध काम करते हैं और परमेशवर की पूर्व इच्छा का विरोध करते हैं । (प्रेरितो के काम 16:16-18) परमेशवर का अनुसरण करने मे बाधा डालते हैं (1थिस्सलुनीकियो 2:18 , रोमियो 15:22) अन्य विश्वासीयो को भर्मित करने के लिए विश्वासीयो को प्रभावित करते हैं (मत्ती 16:22-23) और इर्षा, अभिमान और तकरार जैसी चीजों के प्रति भड़काते हैं (याकूब 3:13-16) वे विश्वासीयो को परमेशवर की तरफ से भटकने और उसकी मर्जी अनुसार न चलने पर मजबूर करने की ताक में रहते हैं । (1तीमुथियुस 4:1) वे शारीरिक पीड़ा पैदा कर सकते हैं (2 कुरिन्थियों 12:7) और वे हमे खुद की ताकत और क्षमता से संचालित करने की कोशिश करते हैं (2 तीमुथियुस 3:5) जैसे यीशु का पुनआगमन नजदीक आता हैं यह सब कार्य तेज हो जाएगा (1तीमुथियुस 4:1)।

मौत , अन्धकार और आध्यात्मिक अंधापन

शैतान झूठा हैं और झूठ का पिता हैं (यूहन्ना 8:44) दानव उसके लिए यह काम करते हैं । (1राजा 22:22-23 , 2 इतिहास 18:20-23) उस किसी भी तरह के झूठ और छल की महारथ हैं (1यूहन्ना 4:16) और झूठ को आसानी से मनवाने के लिए कुछ सच्चा जोड़ने में उससे बड़कर कोई नहीं हैं । किसी भी जालसाज की तरह उस अपने झूठ व नकली उत्पाद को परमेशवर की सच्चाई मूल रूप में प्रगट करने के महत्त्व का पता हैं । वह झूठ बोलने और धोखेबाजी में बहुत अच्छा हैं । (प्रकाशितवाक्य12:9) और यहां तक की यह प्रतीत करने की कोशिश करता हैं कि वह अँधेरे के बजाय प्रकाश ला रहा हैं । (2 कुरिन्थियों 11:13-15)

वास्तविकता में शैतान की सभी सेनाए अंधेरे के दायरे में काम करती हैं (भय , धोखा , अंधापन भरम , निराशा , अवसाद आत्म दया , क्रोध , बदला, आत्महत्या , मृत्यु आदि) वह मनुष्यों को आध्यात्मिक बातो में अंधा करता हैं (2 कुरिन्थियों 4:4 , 1यूहन्ना 2:11)। वह आध्यात्मिक बातो के लिए मनो और दिलो को कठोर करता हैं (2 कुरिन्थियों 3:14 , इफिसियों 4:18 , रोमियो 1:21)। वह व्यक्तियों के साथ-साथ राष्टों के लिए भी ऐसा करता हैं (यानि इस्राएल -रोमियो 11:7-10)। उसका उदेश्य मनुष्यो को परमेशवर के प्रकाश और उद्धार से दूर रखना हैं (2 कुरिन्थियों 4:4) परमेशवर का प्रकाश शैतान के अन्धकार से अधिक बड़ा हैं (उत्पत्ति 1:14-19 , यूहन्ना 1:5-9 , 3:19-20, 8:12, 9:5 , मत्ती 17:2 , इफिसियों 5:8 , 1यूहन्ना 1:5-7 , प्रकाशितवाक्य 21:11, 23-24 , 22:5 , यशायाह 60:1)। विश्वासी प्रकाश में हैं अंधकार में नहीं (प्रेरितो के काम 26:18 , 1थिस्सलुनीकियो 5:4,5 , कुलुस्सियों 1:12-13, यूहन्ना 8:12)।

अंधकार का प्रतीक मृत्यु हैं । मनुष्य के लिए शैतान की योजना मृत्यु हैं , ठीक उसी के उल्ट जैसे मनुष्य के लिए परमेशवर ली योजना जीवन हैं । शैतान शुरू से ही हत्यारा हैं (यूहन्ना 8:44)। उसके नाम अबादोन या अपोलोन का अर्थ हैं विनाशक। वह भौतक या आध्यात्मिक जीवन को नष्ट करने की कोशिश करता हैं (यूहन्ना 8:44 , मरकुस 9:20-22 , 1यूहन्ना 3:12 , 2 कुरिन्थियों 4:4) शैतान में मृत्यु लाने की शक्ति हैं (अय्यूब 1:19 , लूका 11:21-22, इब्रानियों 2:14, प्रकाशितवाक्य 9:14-16) क्यूंकि मृत्यु की शक्ति क्रूस पर नष्ट हो गयी थी (इब्रानियों 2:14-15) वह परमेशवर की अनुमति के बिना उस शक्ति का उपयोग नहीं कर सकते (अय्यूब 2:6 , प्रकाशितवाक्य 9:4)। शैतान हमे परमेशवर से अलग नहीं कर सकता , यहां तक कि मौत के द्वारा भी नही (रोमियो 8:38)।

शैतान और उसकी सेनओ पर प्रबल होना

परमेशवर शैतान और उसकी सेनओ से बड़ा हैं , (1 यूहन्ना 4:4) , इसलिए हमे उनसे डरने की जरूरत नहीं (लूका 10:17-19)। हमे अपने आप को दीन करना चाहिए , और परमेशवर की शक्ति पर निर्भर रहना चाहिए, न कि हमारे स्वंय पर (याकूब 4:6-7 , 5:16)। पाप और खुले राहो का अंगीकार करे जिन का शैतान आप के जीवन में उपयोग कर रहा है (भजन सहिता 32:5 , 139:23-24) और हर पाप को स्वीकार करे (1यूहन्ना 1:9) परमेशवर की क्षमा को स्वीकार करे और उसकी सहायता से पाप से मुड़े (आमोस 3:3, यहेजकेल 20:43) । प्रार्थना में अपने जीवन के किसी भी खुले रासते पर दावा करे

जिसको शैतान आपके जीवन में इस्तेमान कर रहा हैं (प्रेरितो के काम 19 :18-19, मत्ती 3 :7-8) । प्रत्येक दिन परमेशवर के कवच के साथ अपने आप को छिपा लो (इफिसियों 6 :10 -18) , पवित्र शस्त्र में रहो (भजन संहित 1:1-3) वचन एक दर्पण हैं (याकूब 1:22-25) एक दीपक हैं (भजन सहिता119:105) एक शुद्धकर्ता (इफिसियों 5:25-26) । एक तलवार (इब्रानियों 4:12) और भोजन हैं (1पतरस 2:2 ,मत्ती 4:4) इन सभी के लिए इसका इस्तेमाल करें। निंरतर प्रंशसा और प्रार्थना का जीवन विकसित करें (1थिस्सलुनीकियो5:17)। अन्य विश्वासीयो के साथ निकट संगति में रहें (इब्रानियो 13:5) अपने आप को पूरी तरह से परमेशवर का अनुसरण करने के लिए समर्पण करे (इफिसियों 6:16)

II. विशेषताए

(क) दानवग्रसती परिभाषित

यूनानी शब्द (डिमोन्जिंग) उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जो दानवो से बहुत अधिक प्रभावित होता है। । इसका उपयोग नये नियम में 15 बार किया गया हैं । यह दानवो का किसी के अंदर होने या किसी के ऊपर होने में कोई अंतर् नहीं करता , यदि परमेशवर वह स्पष्टीकरण या भेद नहीं बनाता तो मैं नहीं सोचता की यह कोई ऐसी चीज़ हैं जिसमे हमे अंतर देखना या दिखाना चाहिए। आध्यात्मिक क्षेत्र में कोई स्पष्ट विभाजन नहीं हैं जैसे हम बनने की कोशिश करते हैं (दानवो का अंदर होना या दानवो को किसी के ऊपर होना) बेशक दानवग्रसती के सतर होते हैं जो किसी जन पर निर्भर करते हुए दानवो की दखल अंदाजी और पहुंच आदि को दर्शाती हैं , परन्तु इसको सही ठहराना हर समय न तो संभव हैं न आवश्यक हैं । आम राय यह हैं कि कोई भी व्यक्ति जो दानवग्रसत होते हुए दानवी प्रभाव से अपनी होश को उससे अलग नहीं करता, दानव जो विचार और भावनए उन्हें देता हैं , वे उनको अपनी समझते हैं । एक व्यक्ति के पास हमेशा मदद के लिए परमेशवर की ओर मुड़ने की स्वतंत्र इच्छा होती हैं , परन्तु जब उनका अनुसरण किया जाता हैं जो दानव दे रहा हैं तो यह उसे गहरा बंधक बनती हैं।

शायद दानवग्रसती को एक आध्यात्मिक सम्मोहन के रूप से सोच कर बेहतर समझा जा सकता हैं । सम्मोहन एक ऐसी चीज हैं जिस से परमेशवर के लोगो को बचना जरूरी हैं (भजन सहिता 54:4-5 , यहोशू 1:8 , फिलिप्पियों 4:8)।

हमे दानवग्रसती की सही सीमा जानते की आवश्यकता नहीं हैं , इतना ही काफी हैं, जानने के लिए कि ऐसा कुछ हो रहा हैं । जैसे कारण एक , इलाज भी एक हैं । हम व्यापक रूप से दानवग्रसती शब्द का उपयोग करेंगे , जैसे कि बाइबिल दानवी प्रभाव / कब्जे के पुरे तरंग का जिकर करते हुए बताती हैं । अन्य शब्दों के लिए बाइबिल जिन शब्दों का उपयोग करती हैं वह हैं प्रवेश किए गए (जैसे कि जब शैतान यहूदा में प्रवेश किया - यूहन्ना 13:27) और भरा (के द्वारा भरे जाने के लिए उपयोग किया जाता हैं ((प्रेरितो के काम 5:5) अन्नाय और सफीरा के बारे में) ।

(ख) दानवग्रसती रक्षित

कया एक विश्वासी दानवग्रसत हो सकता हैं ?

जब कि सभी मसीही इस बात से सहमत हैं कि अविश्वासियों को ही दानवग्रसत किया जा सकता हैं , कुछ इसको नहीं मानते कि यह विश्वासीयो के साथ भी हो सकता हैं । दानवग्रसती प्रभाव की बात करता हैं , मालकाना हक की नहीं। एक विश्वासी के पास भी एक संवत्र इच्छा हैं जो दानवो की पहुंच को अपनी आत्मा दे , जैसे अविश्वासी करते हैं । एक विश्वासी की आत्मा केवल परमेशवर से संबंधित है परन्तु ये हम पर निर्भर करता है कि वह परमेशवर की आत्मा को अपने आप पर नियंत्रत करने दे या ना ,जहाँ जक कि दानवग्रसती का संबंद हैं।

बाइबिल विश्वासीयो और अविश्वासियों के बीच कोई अंतर नहीं बनाती। वास्तव में बाइबिल कई विश्वासीयो को संदर्भित करती हैं , जिन्हो ने दानवग्रसती का अनुभव किया : पौलूस के माँस में कांटां एक दानव था (2 कुरिन्थियों 12:7) शाऊल राजा एक विश्वासी था और स्पष्ट रूप से दानवग्रसत था (1शमूएल 11:6,16:14-23) , दाऊद शैतान के द्वारा लोगो की जनगणना करने के लिए प्रेरित किया गया (1इतिहास 21:1, 2 शमूएल 24:1) , अन्नाय और सफीरा विश्वासी थे परन्तु शैतान को भरने की अनुमति दी (प्रेरितो के काम 4:32-35 , 5:3) , यीशु को सलीब पर न जाने के लिए पतरस शैतान का प्रवक्ता बना (मत्ती 16:23) पौलूस विश्वासीयो को चेतावनी देता हैं कि वे शैतान को अपने जीवन में पैर न जमाने दे (इफिसियों 4:26-27) , यह दर्शाते हुए कि ऐसा होना संभव हैं । यीशु ने खुद उद्धार को बच्चो की रोटी कहा (मत्ती 15:22-28) मतलब यह उसके बच्चो के लिए था। एक मसीही अन्य आत्मा प्राप्त कर सकता हैं (2 कुरिन्थियों 11:2-4) और यहाँ विश्वासीयो के दानवग्रसत होने की उदाहरण हैं (लूका 13:10-16 , 1कुरिन्थियों 5:4,5)। मसीहो को इसके खिलाफ चौकसी करने की चेतावनी दी जाती हैं (1पतरस 5:8-9 , इफिसियों 6:10-18)।

एक विश्वासी प्रभु यीशु मसीह से संबंधित हैं । शैतान उसे अब आपना नहीं बना सकता जैसे उसकी मुक्ति से पहले उसने बनाया था (1यूहन्ना 4:4), परन्तु फिर भी वह उस दानवग्रसत कर सकता हैं । जब उत्पीड़ित या काबिज शब्दों का उपयोग किया जाता हैं तो सवाल आ सकता हैं कि क्या एक विश्वासी काबिज हो सकता हैं । इसका उत्तर देने के लिए काबिज शब्द को परिभाषित किया जाना जरूरी हैं । बाइबिल आम तौर पर इसे परिभाषित नहीं करती और न ही इस कब्जे के बारे बात करती हैं । बस दानवग्रस्ति जिसका अर्थ हैं किसी दानव के द्वारा प्रभावित किया हुआ। कोई भी इस पर शक नहीं करता की यह विश्वासीयो के साथ नहीं होता।

आप कैसे जान सकते हैं कि जो बल आपके खिलाफ काम कर रहा है वह दानवी है या नहीं ? हमे उनके स्रोत को देखने के लिए ,आत्माओ का परिक्षण करने कि आज्ञा दी गई हैं। उन्हें यीशु के नाम प्रभुता और आधिपत्य से चुनौती दे (1यहुन्ना 4:11, 1कुरिन्थियों 12:3 , 1यहुन्ना 5:6-7) अपने खुद के या दूसरे व्यक्ति के आत्मा में आये प्रतिउतर के प्रति सवेदनशील रहे। स्वर्गदूत लोगो के अंदर नहीं आते और न हो लोगों के माधयम में बात करते हैं जैसे दानव करते हैं। याद रखे कि दानव हमेशा झूठ बोलते हैं और धोखा देते हैं कभी कभी वह अपने आपको परमेशवर और पवित्र आत्मा होने का भी दावा करते है, अपने मन या जिस व्यक्ति को आप काउसलिंग करते हैं उनके मन में आने वाले विचारो के प्रति सवेदनशील रहे। अगर परमेशवर किसी को आध्यत्मिक उपहारों के साथ परिक्षण का उपहार देता हैं तो यह बहुत मददगार होगा। (प्ररितो के काम 13:9-10 ,1कुरिन्थियों 12:10)।

इससे पुर्व देखी कि गई बातो को याद रखे : हम यीशु में सुरक्षित हैं और हमे दुश्मन से भागना नहीं हैं। हमे अपनी शक्ति और अधिकार का उपयोग करना हैं। सुनिश्चित करें कि सभी खुले राहो को स्वीकार किया जाता हैं और हर पहुंच को वापस लिया जाता हैं।

दानवो को यीशु के नाम से जाने कि आज्ञा दे (मत्ती 10:1,लुका 9:49,1017, मरकुस 8:22)। इसे यीशु में विश्वास रखते हुए करो (मत्ती 17:18-27 ,यहुन्ना 5:4) , डर से नहीं (यहोशू 1:9 ,10:8, 23:9-11, लैव्यव्यवस्था 26:8, निर्गमन 14:13, 1शमूएल 17:45-47 ,2 शमूएल 22:33-35 ,40:41)। प्रार्थना कि सूरत में बने रहे (परमेशवर के साथ संचार और संवेदनशील -मरकुस 9:29)। गर्व मत करे मसीह के प्रति विनम्र और सम्पत्ति बने रहे (लुका 10:10 , 2 पतरस 2:11, प्रेरितो के काम 19:12-16)।

जब उनको निकाला जाता हैं तो दानवो को यीशु के अधिकार में छोड़ दो कि वह उन्हें कहा ले जायेगा ,और उनके विरुद अपनी सजा सुनएगा ,(भजन सहिता149:6-9 , रोमियो 16:20, अय्यूब 30:3-8) याद

रखे कि दानवो को हटा दिए जाने के बाद घर परमेशवर के पवित्र -आत्मा से भर जाना चाहिए नहीं तो हालत पहले से भी बदतर हो सकते हैं (मत्ती 12:43-45)।

कभी कभी परमेशवर आपको उस व्यक्ति पर हाथ रखने के लिए प्रेरित कर सकता हैं जिसके लिए आप प्रार्थना कर रहे हैं ,कई बार यीशु ने खुद ऐसा किया (लुका 4:29 ,13:11-23 , मत्ती 8:15) जैसे शुरूआती चर्च ने भी किया (1कुरिन्थियों 1:14 ,12 :4 ,2 कुरिन्थियों 1:21, याकूब 5:13-16)। इस क्षेत्र में परमेशवर कि अगुवाई के प्रति संवेदनशील रहे और जो भी वह आपको करने के लिए प्रेरित करता हैं। कि तरीका दूसरे से बेहतर नहीं हैं। परमेशवर जो आप से कारवाई चाहता हैं उसके प्रति आज्ञाकारी होना आप में एक कारक हैं।

जितना संभव हो उतना वचन का हवाला दे (मत्ती 4:1-10)। हमारे उपयोग किए जाए वचनो से कही बढ़ कर परमेशवर का वचन शक्तिशाली हैं और शैतान कि ताकतों के खिलाफ भारी साबित होता हैं (इब्रानियों 4:12)। परमेशवर का वचन हमारा अधिकार हैं (1यहुन्ना 2:14)। वचन रुपी हमारी तलवार ही हमारा एकमात्र आकर्मक हथियार हैं।

छुटकारे के दौरान या अपने घर में अन्य समय पर मसीही संगीत बजाना अक्सर सहायक होता हैं क्योकि दानव यीशु कि प्रशंसा सुनना पसंद नहीं करते (शमूएल 16:23)। प्रशंसा में शक्ति हैं (भजन सहिता 22:3) ,इसलिए अपने युद्ध कि प्रार्थना में स्तुति और प्रशंसा का उपयोग करें। छुटकारे के दौरान या इसके बाद आप परमेशवर कि स्तुति प्रार्थना में या गीतों में कर सकते हैं। जब भी हमला होता हैं इसका उपयोग करें।

दानवो से बातचीत न करें न तो उन्हें दूसरे व्यक्ति के दिमाग को संदेश देते हुए और न उसकी जुबानी बोल चाल के द्वारा छुटकारे में दानवो से संपर्क नहीं करना बल्कि उनको हटाना हैं। उनके साथ बातचीत आपको एक माध्यम बनाता है और परमेशवर का वचन इसे मना करता हैं (व्यवस्थाविवरण 18:9-13) उनके साथ बातचीत न करने के अच्छे कारण हैं। न तो यीशु और न ही पौलूस ऐसा करते थे (मरकुस 1:25 , प्रेरितो के काम 16:17)। वे झूठे और धोखेबाज हैं (यहुन्ना 8:44) और आप उन पार विश्वास नहीं कर सकते जो भी वह कहते हैं। परमेशवर आप से केवल यही चाहता हैं कि आप उसके संपर्क में रहे (व्यवस्थाविवरण 4:24)। पवित्र -आत्मा के माध्यम से हमारे पास सब सत्यऔर शक्ति तक पहुंच हैं (यहुन्ना 8:31-32, 1कुरिन्थियों 12:7-11)। उनके साथ संवाद करने से आप उन्हें पहचान देते हैं अड्डा लगाने कि अनुमति देते हैं , और शामिल लोगो परफ बहुत अधिक कठिन बोझ का कारण बनते हैं , और अपने आप को गर्व के लिए खोलते हैं। इसके आलावा वह कल झूठे और धोखेबाज़ के और इसलिए कुछ भी सकारात्मक नहीं होगा।

जब छुटकारा धीमी गति मे हो या फिर ना हो तो क्या होगा ? याद रखे कभी कभी परमेशवर के पास कोई बड़ी योजना होती हैं बजाय इसके कि जैसे हम प्रार्थना करते हैं वह उसी समय दानव को निकाल दे। कभी-कभी देरी होती हैं। यहां तक कि यीशु के पास भी ऐसा समय था जब उन्हें थोड़ी देर के लिए इसमें द्रढ़ रहना पड़ा (लूका 8:32)। आमतौर पर छुटकारा एक प्रकिया हैं। यह एक प्याज से परतो को छिलने जैसा हैं। जैसे कोई नया पाप दिखाई देता हैं और उसे हटा दिया जाता हैं ,शैतान कि ताकतों से उतनी

जमीन वापस ले ली जाती हैं। यह क्रमिक प्रकिया किसी व्यक्ति को बेहतर ढंग से भरने कि अनुमति देती हैं जिसे परमेशवर के पवित्र -आत्मा के साथ पुन प्राप्त लिया गया हैं और उसे अगली परत हटाने से पहले आध्यात्मिक रूप से बढ़ने का समय देती हैं (भजन सहिता 59:11, 119:50 ,67,71)। यही कारण हैं कि यहोशू के आधीन यहूदियों ने एक ही बार में वादे कि भूमि को जितने के बजाए थोड़ा करके जीता। अगर उन्होंने कननियो को एक दम निकाल दिया होता तो शेर अंदर आ जाते और उन्हें नुकसान पहुंचते। इसमें सीखने कि एक प्रकिया शामिल हैं जिसका उपयोग दुसरो कि मदद करने के लिए भी किया का सकता हैं ,(2 कुरिन्थियों 1:3-4)। अन्य समय पूर्ण उदार कभी नहीं आता पौलूस का मांस में कांटा एक उदाहरण हैं (2 कुरिन्थियों 12:7)। पौलूस परमेशवर कि गवाही देता हैं फिर मुकाबला करने के लिए आवश्यक अनुग्रह प्रदान करता हैं। परमेशवर चाहता हैं कि हम उस पर निर्भर रहना सीखे (भजन सहिता119:59 , 92)। बेशक अगर रास्तो का खुलना जारी रहता है तो दानवग्रस्ति भी जारी रहेगी (भजन सहिता 94:12-16 , 8:11-14)।

जब आप यह महसूस करना शुरू करते हैं कि जितना हो सकता था उतना हो चूका है तो जिस दिशा में आप जा रहे हैं ,उसे बदलना शुरू कर सकते हैं। जिस व्यक्ति के साथ आप काउंसिलिंग कर रहे हैं उससे पूछे कि क्या उसके पास कोई ऐसा विचार या निशान है जिसे उसको साझा करना चाहिए। यह जो भी हो उससे निपटे। उनको पूछे कि अगर कोई ऐसा है जिसके बारे में वह बात करना चाहते हैं या प्रार्थना करना चाहते हैं।

बुद्धि और ज्ञान के लिए फिर से प्रार्थना करें ,परमेशवर से पूछे अगर कोई और चीज़ हैं जिस के साथ यहा निपटना चाहिए और साथ ही साथ उसके लगातार अगुवाई और मार्गदर्शन के लिए परमेशवर से पूछे कि और क्या करने कि आवश्यकता हैं। कई बार आध्यात्मिक विकार और परिपक्वता कि बहुत आवश्यकता होती हैं। अन्य समय यहा पाप का परिणाम हैं जिसका सामना करना पड़ता हैं। विश्वास कि परीक्षा होती हैं। अक्सर कई बार अन्य दानव या शासक होते हैं (जो दानव लेकिन अगुवे हैं) जिन्हे बाद में निपटा जाना होगा।

सुनिश्चित करें कि वे समझ गए हैं कि क्या हो चूका है और अगले कुछ छोटों या दिनों में क्या उम्मीद कि जा सकती हैं। संदेह ,अविशवास, अपराधबोध दुश्मन की काफी समान्य रणनीति हैं। प्रार्थना करने ,विश्वासयोग बने रहने, बाइबिल पड़ने आईतो को याद करने और जब भी हमला हो उनका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें और यदि उनके पास कोई प्रशन हैं तो उसे नोट करने के लिए कहें। यदि वे अपने जीवन में खाली स्थान नहीं भरते हैं ,तो दानव और भी अधिक संख्या में वापस आ जायेगे (लूका 11:24-26 , मत्ती 12:43 -45)।

जरूरत पड़ने पर **उन्हें प्रार्थना के लिए बुलाने को प्रोत्साहित करें**। उनकी ओर से किया गया यह काम विनमरताभरा हो सकता हैं ओर उनके गर्व के खिलाफ काम कर सकते हैं, इस प्रकार यहा बहुत मुक्त करता हो सकता हैं ,यदि दानवो को पता चले कि वह मदद के लिए प्रार्थना में बुलाएंगे तो उन्हें हमला करने में अधिक संकोच होगा यदि वे जानते हैं कि व्यक्ति अकेले उनके साथ व्यवहार करने कि कोशिश करेगा।

उन्हें याद दिलाऐ कि यह एक प्रकिर्या है ना के एक ही बार किया गया काम । यहा उतना स्पष्ट ओर तैयार नहीं हैं। याद रखें पौलूस के मांस में कांटा ? आखिरकार परमेशवर का यहा कहना हैं , दानवो का नहीं। अय्यूब को याद करो इसलिए हमारे यह सोचने के बाद कि दानव भाग चुके हैं और होते वही है तो पहला काम जो हमे करना चाहिए वह यह है कि हमे परमेशवर से पूछनना चाहिए कि वह हमे क्या सिखा रहा हैं ,और वो हमे क्या दिखाना चाहता हैं। वह यहा सब कुछ हमारे विकास के लिया उपयोग करता है। क्या हमे दृढ़ता सीखने कि जरूरत हैं ?धीरज ? पाप कि जड़ के लिए गहरा खोदने की ? अपने आप को अधिक विनम्र करना ? विश्वास करना ? क्या हम दुसरो के लिए एक उदाहरण होना (जैसा कि अय्यूब था) ? आपके द्वारा पूछे गयीप्रार्थनाका अंतिम उत्तर परमेशवर कि इच्छा में हैं , न कि दानवो की शक्ति में।

परमेशवर ने जो किया है उसके लिए **धन्यवाद और प्रंशसा की प्रार्थना के साथ समांप्त करें** ,परमेशवर से कहें कि उस व्यक्ति में शुरू लिए गए अच्छे काम को क्रृपा बनाये रखें। उनकी सुरक्षा और विकास के लिए प्रार्थना करें। उनकी यादो को चंगा करने के लिए और उनके खली स्थानों को पवित्र -आत्मा के द्वारा भरे जाने के लिए प्रार्थना करें। परमेशवर से प्रार्थना करें कि वह उन्हें आशीष दे और उनको अपनी महिमा और सम्मान के लिए इस्तेमाल करें।

<u>सफल और स्थायी उद्धार कि आवश्यकता :- संक्षेप में</u> .

1. <u>विनम्रता</u> :- अपने आप पर या अपनी खुद कि ताकत पर कोई गर्व नहीं (याकूब 4:6-7 ,5:16)।

2. <u>ईमानदारी</u> :- किसी भी पाप को स्वीकार करना (भजन संहिता 32:5,139:23-24)।

3. <u>कबूल करना</u> :- किसी भी और सब पापो को यीशु के खून तले रखना (1यूहन्ना 1:9) सुनिश्चित करें कि दूसरो कि कोई अक्षमता नहीं हैं (मत्ती 6:14-15 , 18:21-35)।

4. <u>क्षमता को स्वीकार करना</u> :- किसी भी अपराध बोध को आगे न ले जाना (1यूहन्ना 1:9)।

5. <u>पश्चाताप</u> :- कभी पापो से मुड़ने की इच्छा का रवैया (आमोस 3:6 ,यहेजेकल 20:43)।

6. <u>बुराई को छोड़ना</u> :- मौखिक रूप से किसी भी चीज़ को जिस ने शैतान की पहुंच दी हो उस पहुंच को वापस लेना और उस चीज़ को अस्वीकार करना ,और जो कुछ भी आप अपने गलत किये को सही करने के लिए करना चाहिए, करें (प्रेरितो के काम 19:18-19 , मत्ती 3:7-8)।

7.प्रार्थना:- परमेशवर से मणो के वह यीशु के नाम में आपको स्वंत्रत करें (योएल 2:32)। यह मत भूलो की आपके पास यीशु नाम में दानवो को बाहर निकालने का अधिकार है और परमेशवर आप से इसका उपयोग करने की उम्मीद करता है।

8. <u>नित्य युद्ध</u> :- पाप और शैतान के खिलाफ रोजान लड़ाई और प्रार्थना करना।

ग . उद्धार के बारे विशेषताएं

शारीरिक चंगाई

आध्यात्मिक उद्धार और शरीरिक चंगाई के बीच अक्सर एक भजबूत रिशता होता हैं। दानवो के चले जाने पर अक्सर शारीरक समस्ये भी चली जाती हैं। ऐसा इसलिए होता हैं क्योकि दानव शारीरक समस्याओ का कारण बने होते हैं। बाइबिल में इनको उदाहरणों में शामिल हैं : अपाहज अंग (लूका 13:11) पौलूस का कांटा (आँखों की बीमारी ? 2 कुरिन्थियों 12:7) आवाज का बंद होना , (कभी कभी गूंगा पन -मत्ती 9:32-33 ,12:22 , मरकुस 9:17-18, 24-25), अंधापन (मत्ती 12:22) , बरामदी (मरकुस 1:26 , 9:17-18 , 20 ,25 , मत्ती 17 ,15,18 , लूका 9:39) , बहरा पन (मरकुस 9:17-18 , 20,25) फोड़े (चरम कैंसर) ? (अय्यूब 2:7), घाव और अन्य? दर्दनक पीड़ाये (भजन सहिता78:49 – मिसर में विपत्तिया दानव -कारण थी) , और सभी प्रकार की शारीरिक पीड़ाये (प्रकाशितवाक्य 9:5,10)। बाइबिल बताती हैं कि शैतान बीमारी का कारण बन सकता हैं (अय्यूब 2:7-8) यहां तक कि मौत का भी (अय्यूब 1:19)।

शारीरिक चंगाई उद्धार का परिणाम हो सकता हैं। यदि दानवो में से कोई भी शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा होगा तो जैसे दानवो को हटाया जाता है समस्याएं भी हल हो जाएगी। पीढ़ीगत आत्माये यह बीमारिया पीढ़ी दर पीढ़ी पैदा कर सकती हैं। शारीरिक समस्याएं आम तौर पर परमेशवर की मुख्य चिंता नहीं हैं ,बल्कि वह ह्रदय की आध्यात्मिक स्थति के लिए अधिक चिंतत हैं। हम अक्सर शारीरिक लक्षण (शारीरक समस्या) को दूर करने के लिए प्रार्थना करते हैं।,जबकि परमेशवर हम से चाहता हैं की हम उसको खोजे और उसको जो उनके माध्यम से वेह हमें क्या सिखाने की कोशिश कर रहा हैं। पौलूस के मांस में कांटा एक स्पष्ट उदाहरण हैं। उस दानव को हटाने के लिए यह परमेशवर की इच्छा नहीं थी परन्तु यह की पौलुस इस अनुभव के माध्यम से और आध्यात्मिक रूप से और सामर्थी बने।

यदि कोई शारीरिक समस्या मौजूद है ,तो यह पता लगाना अच्छा हो सकता हैं कि यह पहली बार कब शुरू हुआ और उस समय और क्या चल रहा था। भौतिक लक्षण को हटाने ऊपर ध्यान केंद्रित करने के बजाये मूल कारण की तलाश करें ,यह दानवी हो ,अधयत्मिक हो या जो भी हो।

यह ध्यान दिया जा चाना हिए कि **सब बीमारियां मूल रूप से दानवी नहीं हैं**। यीशु ने उन शारीरक बीमारियों को ठीक किया जो दानवी नहीं थी (मत्ती 4:23-24,8:16-17 , यशायाह 53:54 ,मरकुस 1:34, प्रेरितो के काम 10:34)। बाइबिल स्पष्ट रूप से उन बीमारीयो के बारे में बात करती हैं। जो दानवी नहीं हैं : गंभीर दर्द (मत्ती 4:24) पक्षाघात (मत्ती 4:24 , प्रेरितो के काम 8:7) , कुष्ठ रोग (मत्ती 10:8) अंधापन (लूका 7:21) ,अपाहज अंग (प्रेरितो के काम 8:7) और कई अन्य विभिन्न बीमारियां (मत्ती 4:24)। यह सच है कि कुछ शारीरिक बीमारिया दोनों सुचीयो पर हैं, यह बताती हैं कि कई बीमारियों में दानवी या प्रकृतिक कारण हो सकते हैं। वे एक स्रोत या दूसरे से हो सकतें हैं ।

यीशु ने अक्सर दानवो को निलकाला और उसी समय बीमारी को भी ठीक किया। यीशु ने कहा कि वह ऐसा करेगा (लूका 13:32)। यह अपनी सेवकाई के शुरू में किया तीयार और सिदोन के पास

और अपनी सेवकाई के दौरान (मत्ती 4:23-24 ,8:16 ,मरकुस 1:34 , लूका 4:41) ,(मरकुस 3:10-12 , लूका 6:18-19) , (लूका 7:21)। यीशु कि कई महिला अनुयाई दोनों ठीक हो गई (लूका 8:2)।

इससे भी अधिक सटीक बात यह हैं कि जब **यीशु ने दानवो को निकाला और उसी समय एक व्यक्ति में बीमारी को भी चंगा किया** (मरकुस 6:13 , प्रेरितो के काम 5:16)। फिलिपुस ने यह सामरिया में किया (प्रेरितो के काम 8:7) और पौलूस ने यह इफिसुस में किया (प्रेरितो के काम 19:12)।

इस प्रकार यह स्पष्ट हैं कि **कुछ ही बीमारियां दानवी है सभी नहीं** ,ऐसी कुछ बीमरियां नहीं है जो विशेष रूप से दानवी हैं और न ही अन्य हैं जो नहीं हैं। कोई भी शारीरिक बीमार दानवी हो सकता हैं लेकिन हर बीमार हमेशा दानवी नहीं होता। हमारे दिन और उम्र में हम हर छोटी बीमारों को दानवी के रूप में देख कर भूल करते हैं। और इस प्रकार हम अक्सर इलाज से चूक जाते हैं। हम कैसे बता सकते हैं कि कोई बीमारी या शारीरक समस्या दानवी हैं या नहीं। देखने के लिए कुछ सुराग हैं :बीमारिया जिनका इलाज या राहत डॉक्टर नहीं दे सकता ,परिवार में इसका एक नमूना चल रहा है ,यह अजीब लगता हैं और लक्षणो का नमूना एक सा नहीं रहता है (किसी विशेष कारण के बिना यह होता हैं और हट जाता हैं) यहां आप अपने में महसूस करते हैं कि इसके बारे प्रार्थना कि जनी चाहिए और इसे संभवत दानवी के रूप में देखा जाना चाहिए।

फिर उदार के द्वारा शारीरिक बीमारियों को दूर करने के लिए हमारा ढंग **यीशु की उदाहरण कि पालना करने वाला होना चाहिए**। उसने बुखार को झिड़क दिया और यह तुरंत हट गया और उसी समय ताकत वापस आ गई (लूका 4:39)। यीशु के अंदर से एक बार चंगाई देने के लिए शक्ति निकाली थी लुका 6:19, उसने अक्सर उद्धार और चंगाई लेन के लिए एक व्यक्ति पर हाथ रखे (लूका 4:40 , 13:13 , 4:29 , मत्ती 8:15 , लूका 13:1-13)।

आज हमारे लिए ऐसा करने को फिर **परमेशवर कि शक्ति और समर्थ में ही किया जाना चाहिए**। अगर वह चंगाई के माध्यम से उद्धार लानेको चुनता हैं तो यह उसकी इच्छा हैं। हमे प्रयप्त विश्वास पर निर्भर हो कर कभी भी इसकी मांग करनी चाहिए और न इसे करना चाहिए। आज किसी के पास किसी को और सभी को ठीक करने का उपहार नहीं हैं। हमारे लिए यह सही हैं कि हम उद्धार के समय चंगाई के लिए प्रार्थना करें और परिणाम परमेशवर पर छोड़ दे। यह भी आवश्यक हैं कि हम किसी दानव से निपटे जो बीमारी का कारण हो रहा हैं (शारीरिक या मानसिक ,पुष्ठ 7 देखे) अक्सर दानव हमारे स्वास्थ्य को अप्रत्यक्ष तरीको से प्रभावित करते हैं ,जैसे कि हमारे अंदर काम करके, कि हम वह खाते हैं या ऐसे काम करते हैं जो लंबे समय में हमारे लिए अस्वास्थ्यक होते हैं और हमारे स्वास्थ्य को कमजोर करते हैं। इन सभी को भी यीशु के नाम में निपटा जाना चाहिए (मत्ती 10:1) कभी-कभी परमेशवर आपको पवित्र आत्मा के रूप में **तेल से अभिषेक करने** का नेत्रव कर सकता हैं जो चंगाई देता हैं (मरकुस 6:13) तेल या किसी भी अनुष्ठान में विश्वास मत रखो यह केवल एक सहायक नजरिया हैं। चंगाई पर अधिक पड़ने के लिए पेज 116-117 देखे।

इसलिए ध्यान रखे कि **अक्सर बीमारी दानवी होती हैं** खासकर जब डॉक्टर इलाज करने में असमर्थ होते हैं। यहा तक कि वे बिमारियां भी दानवी हो सकती हैं जिनका इलाज डॉक्टर कर देते हैं खासकर

अगर किसी व्यक्ति के जीवन में दानवग्रस्ति के चिन्ह हैं। प्रार्थना करते समय और बुद्धि मांगते समय इसको ध्यान में रखो। किसी भी बीमारी को लाईलाज मत समझो। हमेशा सुनिश्चित करें कि यह दानवी नहीं हैं (ज्ञान के लिए परमेशवर से पुछ कर और उसकी बीमारी में शामिल किसी भी दानव को यीशु के नाम मेंजाने कि आज्ञा देना) याद रखे कि आध्यात्मिक और भावनत्मक बीमारियों से निपटते हैं तो शारीरिक बीमारिया बाहर नहीं जाती। कभी भी भय न करें ,शैतान केवल परमेशवर कि स्वीकृति के साथ ही बीमारी ले सकता हैं। (अय्यूब 1:6-12)

चेताबनी का एक शब्द : क्योकि दानव बीमारी का कारण बन सकते हैं वे खुद **नकली चंगाई** भी ला सकते हैं और बीमारी को रोक सकते हैं (मत्ती 12:24 ,24:24 , 2 थिस्सलुनीकियो 2:9 , प्रकाशितवाक्य 16:14) यह उन चमत्कारी चंगाई कि व्याख्या करता हैं जो परमेशवर कि इच्छा और वचन के अनुसार नहीं किये जाते।

<u>उपवास</u> आज उपवास को अक्सर **अनदेखा किया जाता हैं** परन्तु जब इसे सही मकसद से किया जाता हैं तो आध्यात्मिक युद्ध में काफी लाभदायक होता हैं। यीशु अक्सर उपवास करता था (मत्ती 4:1-11) यीशु मानता था कि उसके चेले भी ऐसा करेंगे (नोट करे **जब** , **अगर** नहीं) (मत्ती 6:16) उपवास प्रार्थना से अलग एक आध्यत्मिक व्यायम हैं हलाकि अक्सर प्रार्थना के सबंद में किया जाता हैं। जिसे करना चाहिए (मत्ती 9:15)। आम तौर पर उपवास भोजन से किया जाता हैं। (सभी या एक निश्चित भोजन समूह जैसे मिठाई या दिन का एक निश्चित भोजन ,या पूरा दिन कोई भोजन नहीं)। कई बार पानी पीने से परहेज किया जाता हैं और कई बार नहीं। कभी-कभी नींद या सेक्स भी शामिल हैं (2 कुरिन्थियों 6:5 , 11:27 और 1कुरिन्थियों 7:3-5)। कब और कैसे परमेशवर आपको उपवास करने कि अनुवाई करे इसके लिए संवदेनशील रहें।

उपवास का **मकसद** पापो के लिए संव्य को दंडित करना या परमेशवर के प्रति वफादारी साबित करना नहीं हैं , कि वह निश्चित स्थिति में खुश होकर ज्यादा अनुग्रह करेगा। भूख विनम्रता कि तस्वीर हैं (भजन संहिता 69:10 ,व्यवस्थाविवरण 8:2-3 ,11-14, होशे 13:6)। भूख को सहना आत्म अनुशासन और गर्व के खिलाफ काम करना सिखाता हैं (एज्रा 8:21,यशायाह 58:3)। यह समर्पण का एक प्रतीक हैं। उपवास प्रार्थनाऔर परमेशवर कि तलाश के लिए उपलब्ध होने वाले अधिक समय पैदा करता हैं। यह परमेशवर के करीब जाने के लिए कुछ भी त्याग करने कि इच्छा दिखाता हैं।

यह दानवी ताकतों को चितावनी देता हैं कि आप परमेशवर कि इच्छा और महिमा की खोज में गंभीर हैं (यिर्मयाह 29:13-14)। उपवास का एक पक्ष लाभ यह है कि व्यक्ति आत्म-नियंत्रण के लिए परमेशवर पर निर्भर रहना सीख सकता हैं और इस प्रकार अपनी भूख को बेहतर नियंत्रण कर सकता हैं (1कुरिन्थियों 6:12-13 , 2 पतरस 2:19)। इससे आत्म-नियंत्रण के साथ यौन पापो पर काबू पाने में भी मदद मिलती हैं।

जब हम आम तौर पर उपवास के बारे में सोचते हैं कि यह बिना भोजन खाये रहने की स्थिति है , उपवास के अनेक विभिन्न रूप भी हो सकते हैं। आशिंक उपवास में कुछ खाद्य पदार्थ या भोजन को समाप्त करना

शामिल हो सकता हैं। यहाँ तक की भोजन के पूर्ण उम्मूलन के साथ स्वस्थ पेय का सेवन किया जा सकता हैं।

उपवास परमेशवर के हाथ को मजबूर करने या जल्दी से हमारी प्रार्थना का जवाब पाने का तरीका नहीं हैं। यह सही मकसद के लिए किया जाना चाहिए नहीं तो इसका कोई फायदा नहीं होगा (मत्ती 6:6-15 ,यशायाह 58 , लूका 8:11-12)। उपवास समर्पण का दृष्टिकोण प्रदान करता हैं। (परमेशवर को खुश करने की इच्छ, संव्य को नहीं)। यह प्रार्थना के लिए अतिरिक्त समय दे सकता हैं। भूखे पेट रहना लगातार प्रार्थना में बने रहने के लिए स्मरण किया हो सकता हैं और भूख परमेशवर के लिए एक बलिदान रूपी भेट चढ़ाई जा सकती हैं।

पहली बार धीरे -धीरे उपवास करना शुरू करना अच्छा है और पहली बार उपवास की अवधि लंबी नहीं रखनी चाहिए। बहुत सी अच्छी किताबे और लेख उपलब्ध हैं जो यह सीखने में मदद करते हैं कि उपवास के पहले या बाद में किया खाना बेहतर हैं। बस याद रखे कि ध्यान परमेशवर पर क्रेद्रित रहे न कि उपवासी पर। दुश्मन इसे गर्व के स्रोत के रूप में उपयोग कर सकता हैं और यह उपवास के पूरे उदेश्य को निकार सकता हैं।

<u>बच्चे</u>

जैसा कि हम ने देखा हैं कि **बच्चे दानवग्रस्त हो सकते हैं**। वास्तव में, जितने से हम अवगत हैं यह उससे कही अधिक चल रहा हैं। दानवी हमले कुछ इस तरह के रूप में होते हैं ,एक छोटे बच्चे का रात को अधिक रोने से लेकर बड़े बच्चे के द्वारा रात को आपना बिस्तर गीला करना या विद्रोह और अवज्ञा आदि। कुछ भी जो आपको या आपके बच्चे को हराने के लिए संदिग्ध लगता हैं। परमेशवर का उदार उनके लिए भी हैं।

बाइबिल में दानव बीमारी से पीड़ित बच्चो को दर्ज लिया गया हैं (मत्ती 17:15 ,मरकुस 9:18 , 25)। वे बच्चो को अपनी भावनओ को नियंत्रित करने में सक्षम होने से रोकते हैं (मरकुस 9:17 , 22)। वे शारीरिक रूप से बच्चो को नुककसान पहुंचाने कि कोशिश करते हैं (मरकुस 9:20-22)। वे अपने संव्य के दृष्ट स्वभाव को संतुष्ट करने के लिए बच्चो को अपवित्र करते हैं (मरकुस 1:24 ,34,5:9 , लूका 4:41)। वे बच्चो को दिखावा करने और कला दिखाने के साथ-साथ उस व्यक्ति की जो उन बच्चो को नियंत्रत से मुक्त करने कि कोशिश कर रहा हैं उसकी अवदेलना करने के लिए उकसाते हैं (मरकुस 9:20,25 ,19,23)। जब वे छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं तब वे मृत्यु के लक्षणों को प्रेरित कर सकते हैं (मरकुस 9:26-27)।

एक जेठे पुते के लिए सबसे पहले और सबसे ज्यादा पीढ़ीगत हमलो से प्रभावित होना एक आम नमून हैं। यहूदियों में जेठे पुत्र परमेशवर को समर्पित होते थे इसलिए शैतान भी उन पर आपना पहला दवा करने कि कोशिश करता था। अक्सर यह परिवार का जेठा पुत्र होता हैं जिस पर आध्यात्मिक हमला किया जाता हैं।

सुनिश्चित करे कि बच्चा जानता है कि वह समस्या नहीं है परन्तु उसे समस्या है। **अक्सर बच्चे इन बातो से जितना हम सोचते हैं उस से ज्यादा जागरूक होते हैं**। अंको अक्सर अपने सर में गूँजती आवाजे सुननी हैं ,और रात को अपने कमरे में परछाई दिखती है या अपनी भावनओ से बढ़ कर अन्य भावनओ द्वारा नियंत्रित किये जाना महसूस होना आम बात लगती हैं। उनके साथ उनकी बात सुनने के लिए कुछ विश्राम का समय बिताये। उन्हें बहुत सारे प्रशन पूछे और उनके उत्तरो को ध्यान से सुने। अपने आपको उनके स्थान पर ,उनकी सिमित शब्दावली के साथ रखने कि कोशिश करे। सभी क्षेत्रो की धीरे-धीरे जाँच करें (आवाजे , परछाईये ,बहुत वास्तविक काल्पनिक मित्रो आदि)। चीज़ो को मत मानों। उनकी हर बात को गंभीरता से लें। बाद में प्रार्थना करने या बात करने के लिए बातो को लिख लें। परमेशवर कि अनुवाई के प्रति सवदेनशील रहें। अपने आवेगो और विचारो के साथ आगे बढ़े , इस तरह के समय पर वे परमेशवर से हैं। परमेशवर से बुद्धि के लिए प्रार्थना करे (याकूब 1) और उन सब चीजों के लिए जो हो सकती हैं।

बच्चे अक्सर आध्यात्मिक क्षेत्र के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। बहुतो के पास अपनी युवा वर्षो से एक स्वर्गदूत को देखने कि कहानी होती हैं। वे बुराई के प्रति भी अधिक संवेदनशील होते हैं। किसी घर के लिए दानवी ताकतों के लिए उसके पूरी तरह कुछ हिस्सों में खुले रहना असामान्य नहीं हैं ,अतीत में किये गए कामो और कहे गए शब्दों के कारण। यदि आपके घर का एक **निश्चित क्षेत्र** समस्याओ का कारण बनता हैं (विशेष रूप से भय लेकिन यह कुछ भी हो सकता हैं) उस क्षेत्र में जाये और यीशु के नाम से उस पहुंच को वापस लें जिस पर शैतान या उसकी सेना दावा करती हो। हमने दीवारों पर सलीब ने निशान बनाने के लिए तेल का उपयोग किया हैं ,एक रोशनी भी होने दे (अँधेरे पर रोशनी का प्रतीक) और मसीह संगीत चलने दें जो कुछ क्या घर में कोई ऐसी जगह हैं , यहाँ उन्हें डर लगता हैं ,या कुछ अजीब लगता हैं ,या उन्हें लगता है कि भूत या ऐसी चीज़ हो सकती हैं। वे आम तौर पर बड़ो कि तुलना में इस चीज़ो के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

जब बच्चे छोटे होते हैं (5 य 6 से कम) समझने के लिए तो जब आप उनके उद्धार के लिए प्रार्थना करते हैं तो **उनको उपस्थित होने कि आवश्यकता नहीं होती**। माता-पिता के रूप में आप अधिकार के साथ अपने बच्चो के लिए प्रार्थना कर सकते हैं ,उसी तरह जैसे आप अपने लिए प्रार्थना करते हैं। जब वे बड़े होते हैं (लगभग 5 से 10 साल) तो उन्हें इन चीज़ो के बारे में शिक्षित करने के उदेश्य से शामिल किया जाना चाहिए। वे खुद के लिए प्रार्थना कर सकते हैं ,और वे आध्यात्मिक युद्ध के बारे में भी सीखना शुरू कर सकते हैं। बेशक उनके जीवन में विशिष्ट ,पाप होते हैं तो उन्हें यह कबूल करना चाहिए। जैसे जैसे वह बढ़ते हैं उतने ही ज्यादा वह जिम्मेदार होते हैं (विशेष रूप में 8 साल से ऊपर) और उतना जो ज्यादा उन्हें शामिल होना चाहिए। बहुत कुछ खुलने पर भी निर्भर करता हैं। खुली मर्जी से किय गए पाप का उनके लिए कबूल करना जरूरी हैं , जबकि पैतृक उत्पीड़न कुछ ऐसा है जो उनके माता-पिता उनके लिया कर सकते हैं जब वे अभी युवा ही होते हैं। गोद लिए गए बच्चो के विशेष रूप से सभी पैतृक दरारे यीशु के खून तले रखी जानी चाहिए। आध्यात्मिक अगुवा के रूप में पिता को अपने बच्चो के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। प्रत्येक सुबह उसको प्रत्येक का नाम ले ले कर प्रार्थना करनी चाहिए। यदि किसी भी कारण से पिता इस भूमिका को नहीं भर रहा हैं , तो माँ को यह काम लेना चाहिए और करना चाहिए।

बच्चो के उद्धार के लिए प्रार्थना करने में यीशु के उदाहरण का अनुसरण करें। उसने बच्चो को भी व्ही दिया जो उसने बड़े को दिया था (मरकुस 7:24-30,9:14-25)। दानव एक जैसे हैं , एक सा काम करते हैं इसलिए उन्हें एक समान ही निपटे।

नियमित रूप से और विशेष रूप से अपने बच्चे के लिए प्रार्थना करें। शैतान के पास भी उनके जीवन के लिए एक योजना और उदेश्य हैं। जो कुछ भी हो सकता हैं उसके प्रति संवेदनशील बने और यीशु के नाम में इसे तोड़े। कुछ समय उनके साथ ऊची आवाज में प्रार्थना करें ताकि वे सीख सके कि कैसे खुद के लिए प्रार्थना करनी हैं और वे जाने कि वह परमेशवर कि देखभाल और सुरक्षा में सौंपे गये हैं। प्रार्थना करें कि यीशु बच्चे में उत्पन हो (गलतियों 4:19) ताकि वे शैतान से छुड़ाए जाये (मत्ती 6:13 ,नीतिवचन 11:21) ताकि वह परमेशवर के द्वारा सिखाये जायेगे और वह उसकी शांति का अनुभव करें (यशायाह 54:13) , ताकि परमेशवर के सिदांत उनके दिमाग में और दिलो में होंगे (इब्रानियों 8:10) , ताकि वे उन दोस्तों को चुने जो बुदिमान हो और अच्छे प्रभावी हो (नीतिवचन 13:20, 1कुरिन्थियों 5:11) , ताकि वे योन रूप से शुध्द रहेंगे (इफिसियों 5:3 ,31-33) , ताकि वे अपने माता-पिता पर भरोसा करेंगे और उनका सम्मान करेंगे (इफिसियों 6:1-3) ,कि वे सही साथी होने के साथ -साथ यह पाएंगे कि उनकी शादी पूरी जिन्दगी चलेगी ,और यह कि वे परमेशवर के चुनाव किय गए क्षेत्र जो जानेगे।

<u>एक पुत्र या पुत्री कि स्वतंत्रता के लिएप्रार्थना</u>

प्रिय पिता मैं अपने बच्चे-------के लिए आपके पास विनती करने आया हूँ। मैं उसे प्रभु यीशु मसीह के नाम में आप के सामने लाता हूँ , मैं उनके लिए आपके बिनशर्त प्यार के लिए धन्यवाद करता हूँ। उनका मार्गदर्शन करने में हमारी तरफ से रही असफलताओ के लिए मैं आपसे क्षमा मांगता हूँ, मैं माता/पिता होते हुए उसके सब पापो को प्रभु यीशु मसीह के खून तले लाता हूँ। मैं वह हर एक पहुंच वापस लेता हूँ जिस पर दानव दावा करते हो जो हमारे पैतृक दरारों के माध्यम से बनी हो मैं उन सब को प्रभु यीशु मसीह के खून तले रखता हूँ। मैं प्रभु यीशु मसीह के खून को उनके जीवनो पर होने की प्रार्थना करता हूँ। मैं प्रार्थना करता हूँ ,कि आपका पवित्र आत्मा उन्हें भर दे और उन्हें हमेशा आपकी महिमा और सम्मान के लिए उपयोग करें ,ताकि वे बड़े और आपकी सेवा करें। यीशु के नाम में मैं प्रार्थना करता हूँ आमीन

<u>पति और पत्नी</u>

आज यह स्पष्ट है कि शैतान की हमारे देश के पतन की योजन का बड़ा हिस्सा हमारे परिवार के पतन से शुरू होता हैं। वह मसीह विवाहता जीवन को कम आंकने में काम करता हैं , गलतफहमी पैदा करने का कारण बनता हैं ,साझेदारों में स्वार्थी विचारो को विकसित करने , दुसरो की कमीयो पर ध्यान केंद्रित करने ,थोड़ी कमजोरी और नकारात्मक भावनओ को स्थापित करने ईष्या को बढ़ाने, माफ़ी और बहाली से भागीदारों को दूर रखने ,नराजगी पैदा करने दूसरे से अधिक अपनी जरूरतों को पहले रखने ,पेसो पर या बच्चो की परवरिश पर असहमति पैदा करने, अपने साथी की दूसरे के साथ तुलना करना ,जिससे उनको हीन महसूस करवाने के लिए , एक दूसरे से रहस्य रखने में उकसाने और सामान्य रूप से अलग-

अलग बहाने का कारण बनता हैं। इसके प्रति संवेदनशील रहे कि शैतान की आपकी शादी के लिए क्या योजना हैं (वह इसे कैसे नष्ट या बेअसर करने के लिए काम कर रहा हैं)। उसके झूठ के बारे में सोचे जिनको आप मान लेते हैं और वह उसकी योजना का काम करते हैं। इन सभी को यीशु के खून तले रखो।

जब एक साथी दानवग्रस्त होता हैं ,तो दूसरे को धीरज ,प्रेम ,नेतत्व और प्रार्थना में संयम का उपयोग करना चाहिए। ऐसे करने के लिए परमेशवर कि सामर्थ पर निर्भर रहें। यह सब कुछ जो क्षमा करने ,कड़वाहट , क्रोध ,अभिमान आदि के बारे में कहा गया हैं अपने विवाह संबंधो के लिए लागू करें।

परमेशवर के अधिकार स्वरूप को बनये रखे : पति को अगुवा और पत्नी को समर्पण स्थिति में (इफिसियों 5)। पति और पत्नी को एक साथ प्रार्थना करना चाहिए , अपनी शादी और परिवार के लिए। इसमें पति को आगे बढ़ना चाहिए।

परिवार में जब एक आदमी या आध्यात्मिक अगुवा यात्रा पर दूर जाता हैं तो दानव इसे एक कमजोरी के रूप में ले सकते हैं और उस परिवार पर हमला कर सकते हैं। तब आदमी को तमाम आत्माओ को यह घोषणा करनी चाहिए कि मैं , परिवार का महायाजक यह कहता हूँ कि मैं जब तक बाहर हूँ परिवार पर मेरी पत्नी अधिकार में हैं / उसका अधिकार हैं। उन्हें बताये कि बच्चे परमेशवर को समर्पित हैं उन्हें परेशान करने के लिए शैतान की सेना को कोई अनुमति नहीं हैं। पुष्टि करें कि परिवार पर हमला करने के लिए किसी भी आत्मा को परिवार के प्रमुख के माध्यम से ही आना हैं, और फिर उन में से किसी को भी आप हमला करने से रोक दें।

<u>विवाह के लिए प्रार्थना</u>

प्रिय स्वर्गीय पिता हमारी शादी के लिए आपकी पूर्ण योजना के लिए मैं आपका धन्यवाद देता हूँ। मैं जनता हूँ कि अपने शादी कि योजना एक सुन्दर और संतष्ट बंधन होने के लिए योजना बनई थी ,यह आपके साथ हमारे रिश्ते कि एक तस्वीर हैं। मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप हमारी शादी को आपकी मर्जी के अनुसार बनने के लिए जो कुछ मेरे माध्यम से होना चाहिए वह करेंगे ।

मेरी शादी में असफलता में मेरे पापो के लिए मुझे क्षमा करे मैं आपना _____स्वीकार करता हूँ (व्यकिगत रूप से सभी पापों और कमीयो के बारे में जो आप जानते हैं)। मैं आपको माफ़ करने के लिए बिनती करता हूँ। मैंने उन्हें यीशु के खून तले डाल दिया है और उनके द्वारा दानव को दी गई किसी भी पहुंच को वापस ले लिया हैं। उन सब क्षेत्रो जहाँ मैंने धोखा खाया है मेरी आँखे खोल दे और उन क्षेत्रो में आपके सत्य को लागू करने में मदद करें।

मैं अपने साथी के लिए भी प्रार्थना करता हूँ और उसके पापो को यीशु के खून तले डालता हूँ। मैं उनके लिए आपकी दया के लिए प्रार्थना करता हूँ कि आप पापो और कमीयो को ढांप ले, मैं शैतान कि किसी भी ताकत को उनके माधयम से दावा की गई पहुंच को वापस लेता हूँ।

पिता, मैं आपसे बिनती करता हूँ कि आप हम में से प्रत्येक को अपने पवित्र-आत्मा से भरेंगे। हमे अपने आत्मा के फल से भरे : प्यार ,आनंद।, शांति , धैर्य , अच्छाई ,दया , सौम्यता ,नम्रता ,विश्वास और आत्मा नियंत्रण। हमे अपने आप को और एक दूसरे को दिय गए दरदों से चंगा करें। हमे एक दूसरे को माफ़ करने कि भावना दें। अपने अलौकिक प्रेम को हमारे दिलो में बसाये और हमे एक दूसरे से प्यार करने में हमारी मदद करें जैसे आप हम से प्यार करते हैं।

मुझे दिखाए कि अतीत से अपनी पीड़ा और त्रुटियों को ठीक करने के लिए मुझे क्या करने की आवश्यकता हैं। जहाँ आवश्यक हो हमारे रिश्ते को बहाल करने के लिए मुझे जो करना हैं उसमें और माफ़ी मांगने में मेरी मदद करें। मैं अपने आप को आपके द्वारा बदले जाने की रूप में समर्पित करता हूँ। मैं अपने विवाहित जीनव को आपके सामने समर्पित करता हूँ कि आप इसे चंगा करें और इसे अपने सम्मान और महिमा के लिए उपयोग करें।

माता-पिता और बच्चे।

दानव अक्सर माता-पिता या इसके विपरीत परिवार में समस्यो के लिए बच्चो को कारण बनते हैं। वर्षों तक हमने निराशा और कष्ट नामक दानवो से युद्ध किया हैं ,जिनका काम उनका नाम ही दर्शाता हैं। वह बच्चो के बीच सघर्ष का कारण बनते हैं और यह पूरे घर में फैल जाता हैं। उनकी योजना होती हैं कि हालात कष्ट भरे हो जाये और वह इसमें सफल हो जाता हैं। हमने प्रत्येक दिन इसके खिलाफ प्रार्थना करना हैं दिन कि शुरुआत में ही या जैसे हमे इसके होने का अहसास होता हैं। हाल ही में यह तर्क भावन कि आत्मा हैं जो आपना बदसूरत सिर उठाती हैं। जिन बच्चो के लिए हम प्रार्थना करते हैं जब हम उनमें कई बाते उभरती देखते हैं। हम बच्चो के साथ भी व्यवहार करते हैं लेकिन आध्यात्मिक युद्ध भी शामिल करते हैं। यह वासतव् में बाते बेहतर बनाने में मदद करते हैं। अक्सर दानव बच्चो को ऐसा व्यवहार करने को उकसाते हैं जो परिवार में दुसरो को प्रभावित करता हैं।

हमने बहुत मामलो में देखा हैं कि बच्चे ऐसे काम करने हो प्रेरित होते हैं जिससे वह मुश्किल में पढ़ जाये और वह बहुत डांट खाते हैं। यह उनके अंदर हीन भावन पैदा करती हैं और उनकी ऐसी छवि बन जाती हैं कि जो बुरी है या माता -पिता को न पसंद होती हैं। जब तक कि उल्ट न हो जाये जो जीवन के लिए एक नक्शा तय करता हैं, जो कि बहुत आम हैं। हमने माता-पिता कि नींद में बाधा डालने और माता-पिता के दिन के समय को कठिन बनाने के लिए बच्चो को रात में पीड़ित होता देखा हैं (बिस्तर गिला करना ,रोना ,आदि)। जल्दबाज माँ-बाप अधिक डांट देते हैं और बच्चा अपने आप को **नकारा** महसूस करता हैं।

दानव अक्सर एक लम्भीब दूरी के कारण --प्रभाव सबंध बनाने के लिए चीजों को स्थापित करते है ,जैसे कि गिरने वाली पंक्ति में डोमिनोज उदाहरण के लिए बेतशेबा के साथ दाऊद का पाप कई साल पहले स्थापित किया गया था जब उसने महिलाओ के साथ (एक से अधिक पत्नी) अपनी वासना भोगी थी। शैतान ने बड़े सबर के साथ फंन्दा खींचने के लिए सही समय का इंतजार किया। यह महत्वपूर्ण हैं कि हम अपने बच्चो को यीशु के लिए सही ढंग से बढ़ाये और किसी भी ऐसी विकास को न होने दे जिसका शैतान लाभ उठा सके।

चर्च कि भूमिका

यीशु का वादा है कि शैतान और उसकी सेनये चर्च को नष्ट नहीं कर सकती ,मैं अपने चर्च और सेवकाई को इस आधार पर रखता हूँ (मत्ती 16:18)**। दानवी शक्तियों को कलीसियाएँ नष्ट करने और उनको हराने के लिए समुंदेशित किया गया हैं**। अन्य मामलो कि तरह ,वहां एक शासक भावना भरा दानव जिसके आधीन अन्य दानव होते हैं जिनका एकमात्र उदेश्य चर्च कि सेवकाई को कम आंकना हैं (जब तक कि चर्च पहले से ही उस तरह नहीं चल रहा हो जैसे शैतान चाहता है कि वह चले)। एक चर्च को

पूरी तरह से एक जुट होते हुए शैतान के विरोध भरे कामो के बारे में पता होना चाहिए ताकि वे इकठ्ठा होकर इसके विरुद्ध प्रार्थना कर सके।

अपने चर्च और समुदाय के लिए प्रार्थना करें ,इसके खिलाफ काम करने के लिए सुमनदेशित हर दानव शक्ति को बांध दे।

अपने **अगुवों** के लिए विशेष रूप से प्राथन करें ,क्योकि शैतान सब से ज्यादा पहले उन पर हमला करता हैं क्योकि वे चर्च में प्रभावशाली होते हैं (लूका 22 :31-32 ,1पतरस 5:1,8)। अपने चर्च के लिए प्रार्थना करें कि वह झुठे शिक्षको और शिक्षाओ से सुरिक्षत रहे जो आज कल बहुत शातिर और प्रचलित हैं।

चर्च पाप करने वाले सदस्यों को **अनुशासित** करने के लिए हैं ताकि उन्हें पश्चाताप करने कि आवश्यकता दिखाई दे, और वे दूसरो को गुमराह नहीं करेंगे। कलीसिया में भी दानवग्रस्ति होने के लिए दरारे हो सकती हैं। अक्सर यह उन लोगो के माध्यम से होता है जो स्वेच्छा से स्वंय को दानवग्रस्त होने कि अनुमति देते हैं या अपने जीवन में पाप को अनुमति देते हैं। यह सब यीशु के खून तले रखा जाना चाहिए। अनुशासन का मतलब यह नहीं है कि उन्हें स्थानीय चर्च सहभागिता से हटा कर शैतान के राज्य में रख दिया जाये वहा वे उसके आधीन होंगे (मत्ती 18:15-18)। वास्तव में यह एक व्यक्ति को बिना रोक टोक के अपने पापो का पालन करने को एक स्थान पर रखना हैं, इस तरह वे अपनी पसंद के परिणाम देखेंगे और पश्चताप करेंगे (1कुरिन्थियों 5:5 इसके बारे में बात करती हैं।)

स्थानीय निकाय दानवग्रस्ति से **आजादी पाने के लिए बहुत सहायक हो सकते हैं।** परमेशवर मसीहियों को एक स्थानीय निकाय में कई तरीके से एक दूसरे की मदद करने के लिए कहता ,और आध्यात्मिक युद्ध निश्चित रूप से एक ऐसा तरीका हैं। सभी आध्यात्मिक उपहारों का उदेश्य दूसरो की सेवा करना हैं। परमेशवर एक व्यक्ति को एक उपहार देता हैं कि वह इसका दूसरो के लिए उपयोग करें न कि अपने आप के लिए। कुछ उपहार जो विशेष रूप से आध्यात्मिक युद्ध में उपयोगी होते हैं यह हैं :

बुद्धि :परमेशवर के मन को जानने की विशेष क्षमता इस बात की जानकारी प्राप्त करने के लिए कि कैसे कुछ ज्ञान को मसीह कि देह में उत्पन होने वाली विशिष्ट आवश्तकताओ के लिए सर्वोत्तम रूप से लागू किया जा सकता हैं। (1कुरिन्थियों 12:8)

आत्माओ की पहचान : विशेष क्षमता परमेशवर देता हैं जो किसी को सथिरता और आश्वासन के साथ यह जानने के लिए सक्ष्म बनाता हैं कि ईश्वरीम व्यवहार मना जाने वाला किया वास्तव में ईश्वरीय हैं ,मानवीय हैं या शैतानी हैं (प्रेरितो के काम 5:1-10,8:23)।

हिमायत : एक नियमित आधार पर समय की अविधि से प्रार्थना करने के विशेष क्षमता और विशिष्ट उत्तर देखने के लिए जो आम मसीही की औसत अपेक्षित से अधिक होती हैं। (1तीमुथियुस 2:1-2 , कुलुस्सियों 1:9-12,4:12-13 , प्रेरितो के काम 12:12 , याकूब 5:14-16 , लूका 22:41-44)

झाड़ फूंक : विशेष क्षमता जिसमें दानवो को आदेश दिया जा सकता हैं कि वह लोगो को छोड़ दे और निकल जाये (प्रेरितो के काम 16:16-19)

सावधान : शैतान इन उपहारों की नकल कर सकता हैं और आज बभी चमत्कार कर सकता है। सुनिश्चित करें कि आप स्रोत को पहचानते हैं (2 थिस्सलुनीकियों 2:8 , मत्ती 24:24 , प्रकाशितवाक्य 13:13-14 ,19:20 ,प्रेरितो के काम 13:8) शैतान लोगो माध्यम से बोल सकता हैं एक प्रकार के दानवी जबान का उपहार (यशायाह 8:19,29:4,24:8) और वह चमत्कार कर सकते हैं (मत्ती 7:22-23) जब तक आप शक्ति के स्रोत को नहीं जानते तब तक आलौकिकता से प्रभावित न हो क्योकि शैतान एक बड़ा जालसाज हैं।

V.लगातार बने रहना

<u>क . कठिनई :चल रहा युद्ध</u>

जैसा कि पहले कहा गया हैं ,उदार एक बार किया गया काम नहीं है। यह एक प्रक्रिया हैं , जैसे प्याज से परतो को छीलना। कभी-कभी प्रगति बहुत धीमी होती हैं। कभी ऐसा महसूस होता हैं कि प्रगति हो ही नहीं रही हैं। फिर यह भी निश्चित है कि जो कुछ आपने प्राप्त किया हैं वह उस का खो जाना संभव हैं (पाप के माध्यम से किसी दरार को पुन उपयोग होने के लिए अनुमति देना)। शैतान की सेना आसानी से नहीं छोड़ती हैं ,और सिर्फ इसलिए कि वे हार गए हैं या कमजोर हो गए हैं इसका मतलब यह नहीं कि सब ख़त्म हो गया हैं। अक्सर लड़ाई थोड़ी देर के लिए बद से बदतर हो जाती हैं। जितना अधिक वे परमेशवर का पालन करने और उसकी नजदीकी में रहने कि कोशिश करते थे ,यहूदियों को भूमि पर विजय प्राप्त करते समय उतना ही अधिक विरोध और लड़ाईयों का सामना करना पड़ा। पौलूस के मांस में काँटा इसका उदाहरण हैं (2 कुरिन्थियों 12:7-10)।

एक और उदाहरण नहेमायाह का हैं। जब यरूशलेम कि दीवारें अस्त व्यस्थ थी और कोई भी उन्हें बनाने के लिए प्रयास नहीं कर रहा था , वह सब चुपचाप थे। लेकिन जब नहेमायाह ने लोगो को पुननिर्माण के लिए प्रोत्साहित करना शुरू किया तो बहुत विरोध हुआ। कुछ तो बाहरी था , कुछ अंदरूनी। बाहरी तौर पर नहेमायाह ने इन चीजों का सामना किया जैसे ठठा (2:19) , क्रोध (4:1) , आलोचना (4:2) , खिल्ली (4:3) , यद्ध कि धमकी (4:8) , समझौता (6:2) , और आपने बारे में बताया गया झूठ (6:6)। इन से भी अधिक मजबूत आंतरिक हमले थे। शैतान ने उसे अंदर से हतोत्साहित किया (4:10) , काम छोड़ देने के लिए उकसाया (4:10) लालच (5:1,3,5) और भय (6:10) के साथ उस पर हमला किया। यह सब होने के बावजूद नहेमायाह कायम रहा और आख़िरकार काम पूरा हुआ (6:15) और परमेशवर के दुश्मन हार गये (6:16)।

हम भी ,अधिक विरोध और निंरतर विरोध का सामना करेंगे। जब हम परमेशवर के राज्य के प्रति सच्चे हो कर शैतान के राज्य के प्रति लड़ते हैं ,तो हमे यह एहसास होना चाहिए कि दुश्मन लड़ेगा। हमे इसके बारे में क्या करना हैं ? शैतान कि योजना हमें हतोत्साहित करने ,छोड़ने के लिए , द्रढ़ता न करने के लिए ,जिस जगह पर हैं वही रहने के लिए और उसके लिए जमीन छोड़ देने के लिए। यह सुनिश्चित करने के ऐसा न हो।

जब यहूदियों ने लाल सागर को पार किया तो परमेशवर ने पानी में रास्ता खोल दिया और वह सुखी जमीन पर चले, लेकिन जब वे विश्वास में परिपक्व हुऐ तो चीजे बदल गई। जब वे यरदन के पास पहुंचे तो उन्हें पहाड़ी से उतरना पड़ा और पानी में कदम रखने पड़े ,जबकि अभी भी परमेशवर पर भरोसा था कि जैसे उनके पैर पानी को टकराएंगे परमेशवर इसे हटा देगा। उसने किया ,और फिर वे सुखी भूमि पर चले। अब आप लाल समुन्दर में नहीं हैं।

अब आप उससे आगे बढ़ चुके हैं। अब परमेशवर आपसे चाहता हैं कि आप उसके प्रति समिर्पण और आज्ञाकारी दिखाए ,चाहे कुछ भी हो ,चलते पानी में उतर जाओ यह भरोसा रखते हुए कि वह आपके साथ होगा। यदि आप पानी के दो भाग होने का इंतजार करेंगे तो आप कभी नहीं चलेंगे। शुरू करने के लिए सर्मपण करें चाहे कुछ भी हो - भले यह आपको मार डाले। तय करें कि आप अनआज्ञाकारी होने के बजाय मृत हो गए तो भला हैं। अब मुझे यह नहीं लगता हैं ,कि यह जीवन या मृत्यु का मामला हैं लेकिन फिर भी आपको किसी भी कीमत का भुगतान करने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता हैं। जिसे आप महसूस कर सकते हैं। मुझे पता है कि परमेशवर इसके माध्यम से आपकी देखभाल करेगा। यह उन संघषों से कही अधिक होगा , यहाँ आप कुछ अन्य जीत के साथ थे , क्योकि परमेशवर दबाव बढ़ाता हैं जिससे हमारे विश्वासी जीवन कि मांसपेशियां विकसित होती हैं। मुझे एक बूढ़ी औरत कि कहानी पसंद है जो अपने विश्वास के कारण जानी जाती थी। एक बार किसी ने उससे कहा मैं शर्त लगाता हूँ कि अगर परमेशवर तुम्हे एक दीवार से कूदने के लिए कहता हैं तो आप ऐसा जरुरु करेंगी ! महिला ने कहा , हाँ अगर उसने मुझे ऐसा करने के लिए कहा तो मैं करुँगी। दीवार पर दौड़ना मेरा काम है और दीवार कि देखभाल करना उसका काम हैं।

<u>क्यों परमेशवर युद्ध स्थिति बने रहने कि अनुमति देता हैं ?</u>

यह सदियों पुराना सवाल हैं। परमेशवर लोगो को पीड़ित और संघर्ष करने कि अनुमति करने देता है ?

प्यार करने वाला परमेशवर इतनी बुराई को जारी रहने के लिए कैसे अनुमति दे सकता हैं ?

परमेशवर आपना बचाव नहीं करता या इसका वर्ण करता हैं कि वह किस चीज़ कि अनुमति देता हैं। वह हमे एक स्वतंत्र इच्छा शक्ति और पाप देता हैं और परिणामी बुराई प्राकृतिक परिणाम हैं या उससे मुहं मोड़ लेना हैं।

फिर भी निर्दोष लोग दुःख उठाते हैं। हम इन चीज़ो से परमेशवर के ब्यक्तित्व और चरित्र का मूल्यांकन करने कि कोशिश नहीं कर सकते क्योकि उसने स्वर्ग छोड़ कर एक मनुष्य बन कर , पृथ्वी पर रह कर ,और फिर हमारे द्वारे कभी भी किय गये पापो का दंड सहन करने सलीब पर जाने द्वारा अपने चरित्र और प्रेम को साबित किया हैं। हमारे लिए उसके प्यार को शक के साये से परे साबित करता हैं। अगर यह नहीं होता तो हम सभी अब से लेकर अनंत काल के लिए नर्क के लायक होते। इसलिए अब नर्क से कम कुछ है तो उसकी कृपा और दया हैं। वह कुछ को दूसरो से ज्यादा दिखाता मालूम होता हैं हमारा इस पर न्याय करना नहीं बनता। परमेशवर हमारे लिए जवाब देह नहीं हैं। हम जब तक उसके सब तथ्यों को नहीं जानते हम उसका न्याय करने के लिए खड़े नहीं हो सकते हैं जैसे वह हमारे बारे सब कुछ जानता है और जितना देखता है उतना ही अच्छा जानता हैं। कई चीज़े छोटे बच्चो कि अनुचित लगती हैं लेकिन

उन्हें अपने माता-पिता पर भरोसा करना चाहिए। डॉक्टर से टनाका लगवान ,एक चमकीला सुन्दर चाकू बच्चे के हाथ से ले लेना , काई बातो से बच्चो को लगता हैं कि उनके माता-पिता उनसे प्रेम नहीं करते,परन्तु वास्तव में उनके पास हकीकत में क्या हो रहा है यह देखने का द्रष्टिकोण नहीं होता ,और इसी तरह हमारे जीवनो पर परमेशवर का क्या नजरिया हैं, वह देखने कि क्षमता नहीं रखते। हम जानते हैं कि उन चीज़ो का सामना करना जिन्हे हम नहीं समझते हैं। यह हमे विश्वास करने का अवसर देता हैं। हमारा विश्वास बढ़ता है और हम बढ़ते है। परमेशवर महिमा होती हैं जब वह हमारा उद्धारकर्ता करता हैं और दूसरे लोग हमे धैर्यपूर्वक विश्वास करते हुए देखते हैं। अध्यात्मिक युद्ध कई तरह के संघर्षो में से एक रूप हैं जिसे परमेशवर हमारे भले और अपनी महिमा के लिए उपयोग करता हैं। यह दूसरी बात है कि छुटकारा अक्सर तात्कालिक नहीं होता हैं लेकिन एक लंबी प्रकिया हैं।

ख . समाधान : जारी युद्ध

आपको यह समझाने की कोशिश करने के बाद कि आपके द्वारा अनुभव किया गया उद्धार वास्तव में नहीं हुआ हैं (अविश्वास) शैतान का अगला हथियार झूठ होता हैं कि आपकी विजय नहीं होगी ,आप नहीं बदलेंगे , हालात बेहतर नहीं होंगे ,आदि यह सच नहीं हैं ! यदि आप परमेशवर के सिधांतो का पालन करते हैं तो आपको निरंतर विजय और प्रगति प्राप्त होगी कितनी जल्दी और कितनी पूर्ण यह सब होगा सब परमेशवर पर निर्भर करता हैं।

<u>उद्धार को बनये रखना</u>

1. परमेशवर के पूरे कवच पहन लो (इफिसियों 6:10-18)

2. किसी भी पाप को तुरंत स्वीकार करें लेकिन उस में बने न रहे (1यहुन्ना 1:9)

3. पवित्र शस्त्र में बने रहो (भजन सहिता1:1-3)। वचन एक दर्पण हैं (याकूब 1:22-25) , एक दीपक हैं (भजन सहिता119:105) एक जूफा (इफिसियों 5:25-26) , एक तलवार (इब्रानियों 4:12) और भोजन (1पतरस 2:2 , मत्ती 4:4)। इन सब का उपयोग करो।

4. पुराने पापो को आदतों कि और तौर तरीके को तोड़ डालो नहीं तो शैतान फिर वापस आएगा (मत्ती 12:43:45 , लूका 11:24-26)। परमेशवर के आत्मा और उसके फल के साथ खालीपन को भरे (गलतियों 5:9 -24 , यहुन्ना 15:3)। अपने घर को अशुद्ध पुस्तकों और उन सब चीज़ो से साफ करो जो वहां नहीं होनी चाहिए (व्यवस्थाविवरण 14:7-19)। अपने आपको और अपने घर को परमेशवर के लिए मखसूस/अभिषेक करें।

5. निरंतर प्रार्थनाऔर स्तुति का जीवन विकसित करें (1थिस्सलुनीकियो 5:17)।

6. अन्य विश्वासियों के साथ नजदीकी संगति में रहे (इब्रानियों 13:5)।

7. परमेशवर को पूरी तरह से मानने व उसके पीछे चलने के लिए आपना समर्पिण करें (इफिसियों 6:16)।

आध्यात्मिक रूप में विकास करें

हम सब या तो आगे बढ़ रहे हैं या पीछे जा रहे हैं। हम एक ही जगह पर मृतक कि तरह पड़े नहीं रह सकते। यदि आप आध्यात्मिक रूप से नहीं बढ़ रहे हैं तो आप तृप्त हो रहे हैं। आध्यात्मिक रूप में बढ़नना जारी रखे। मसीही जीवन की मूल बातो पर ध्यान केंद्रित रखे : प्रार्थना करे , बाइबिल अध्यन करें संगति करें ,आराधना करें , साक्षी आदि। कभी-कभी विकास में तेजी आती हैं ,और कई बार बहुत अधिक बाहरी परिवर्तन नहीं दिखता है (यह उस समय होता है जब आपकी आध्यात्मिक जड़े गहरी हो रही होती हैं और आपको आगामी विकास के लिए तैयार किया जाता हैं)। प्रकृति में भी यही सब है , हमेशा निंरतर विकास नहीं होता हैं , और चीज़े बहुत बढ़ जाती हैं।

शैतान या दानवो पर ध्यान केंद्रित न करें , हमेशा उनके बारे में न सोचे या डरे कि वे क्या करेंगे। हर झाड़ी के पीछे दानव मत देखो। उन्हें यह ध्यान पसंद हैं , भले ही यह नकारात्मक हो। यह आपकी आँखे यीशु से हटा जकर उन पर लगाती हैं और यही वह चाहते हैं। आध्यात्मिक युद्ध के इस क्षेत्र में संतुलना बनाना बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसे संतुलन में रखे। यह विकास के कई महत्वपूर्ण आध्यात्मिक उपकरणों में से एक हैं। इस एक के लिए दूसरो का अनादर न करें।

पवित्र आत्मा के प्रति समर्पण करो

याद रखे , जब दानव चले जाते हैं तो क्षेत्र को परमेशवर कि आत्मा से भरा होना चाहिए नहीं तो यह उनके वापस आने को निमंत्रण होगा - हालात पहले से बेदतर होंगे (मत्ती 12:43-45)। उनको बाहर निकालना एक बात हैं ,और उन्हें बाहर रखना दूसरी बात हैं। उनके द्वारा कभी इस्तेमाल किया गया रास्ता बंद करें (पश्चताप के साथ यीशु के खून से ढकते हुए) और उनके द्वारा कब्जा किया गये स्थान को पवित्र आत्मा से भरें।

पवित्र आत्मा के द्वारा भरे जाने को लेकर यहाँ विस्तार में बात करना मेरी उदेश्य नहीं हैं क्योकि बहुत सी अच्छी पुस्तके हैं जो इस विषय पर गहराई से बात करती हैं। यहाँ यह कहना काफी होगा कि प्रत्येक व्यक्ति उद्धार पाते ही पवित्र आत्मा प्राप्त करता हैं (इफिसियों 1:13 , 1कुरिन्थियों 12:13)। वह कभी नहीं छोड़ता (इफिसियों 4:30)। प्रत्येक विश्वासी के पास पवित्र आत्मा हैं जो उसके अंदर रहता हैं ,परन्तु प्रत्येक के पास उसे भरने के लिए (शाब्दिक रूप से नियंत्रित करने को) नहीं हैं (इफिसियों 5:18)। हमे उसको भरने की / नियंत्रित करने की अनुमति देना पल पल पर निभाए जाने वाली जिम्मेदारी हैं। इसका मतलब यह हैं कि हमे अपने जीवन के सभी क्षेत्रो में पूर्णता से समर्पित होना चाहिए (1थिस्सलोनिका 5:19) जीवन में किसी भी पाप को अनुमति नहीं देनी हैं (इफिसियों 4:30) , और हर क्षेत्र में उस पर और उसकी ताकत पर निर्भर रहना चाहिए (गलतियों 5:16)। इस तरह से वहां कोई भी गढ़ नहीं होगा (रास्ता) पुर्नस्थापित (2 कुरिन्थियों 10:3-5)।

पवित्र आत्मा के प्रति समर्पण कि प्रार्थना

प्रिय स्वर्गीय पिता आप ने कहा हैं कि विद्रोह जादु टोने के रूप में हैं और अधर्म (अवज्ञा) मूर्तिपूजा और अधर्म के पाप के रूप में हैं (1शमूएल 15:23) , मैं जानता हूँ कि मैंने अपने विद्धोह दिल भरे व्यवहार और कामो के माध्यम से आप के विरुद्ध पाप किया हैं। मैं अपने विद्रोह के लिए आप से क्षमा मांगता हूँ कि प्रभु यीशु मसीह के बहाये गये खून के वसीला से मेरे विद्रोह के कारण दृष्ट आत्माओ द्वारा प्राप्त की गई हर जमीन रद की जाये। यहाँ और जब मैं घमण्ड से चला हूँ मुझे दिखाए और मेरी सहायता करें कि मैं आपकी सामर्थ से उन सब की तरफ से मुड़ सकों। मुज्झे आपने आत्मा से भरे और अपनी महिमा के लिए इस्तेमाल करें। मैं अपने प्रभु यीशु मसीह के नाम मैं यह प्रार्थना करता हूँ।

कवच को पहनों

युद्ध का लिबास

जब मैं 19 साल का था तो मुझे संयुक्त राज्य की सेना में शामिल किया गया। अन्य लोगो ने कहा कि एक सेनिक ,एक विशेषधिकार , बहुत ही अच्छा होगा। लेकिन मुझे बहुत ही कठिन लगा। मुझे यह सीखना था कि जो लोग मुझे नष्ट करना चाहते हैं उनके खिलाफ आपना बचाव कैसे करना हैं , मुझे यह सीखना था कि दुश्मन सेना के साथ कैसे लड़ना हैं। जब मैं सेना में था तब मैंने आपना जीवन परमेशवर को सौप दिया , ताकि मैं उसके लिए जीवन व्तीक करू। अन्य लोगों ने कहा एक मसीही होना एक विशेषधिकार बहुत ही अच्छा होगा लेकिन मुझे यह बहुत कठिन लगा, मुझे यह सीखना था की कैसे एक और दुसमन से जो मुझे नष्ट करना चाहता है आपना बचाव किया जाये । मुझे यह सीखना था कि एक न दिखने वाले दुश्मन से कैसे लड़ना हैं। मैं अब संयुक्त राज्य सेना में नहीं हूँ इस लिए मुझे अमेरिका के दुश्मनो के साथ

नहीं लड़ना हैं। परन्तु मैं अभी भी परमेशवर कि सेना में हूँ - और मुझे परमेशवर के दुश्मनो से लड़ना जरूरी हैं। यदि आप परमेशवर कि सेना में हैं तो आप समझेंगे कि मेरा क्या मतलब हैं। आप भी कई लड़ाईयों का सामना करते हैं जैसे उसके लिए जीवन जीते हैं।

हम युद्ध में हैं (1यहुन्ना 5:19)। हम दुश्मन के कब्जे वाले इलाके में रह रहे हैं (2 कुरिन्थियों 4:4) उन से घिरे हुए जो हमे नष्ट कर देना चाहते है (1पतरस 5:8)। एक सेना में ,कमांडर उपकरण प्रदान करता हैं और सेनिक इसका उपयोग करना सीखते हैं। परमेशवर , हमारा कमांडर , हमारे बचाव और विजय हासिल करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करता हैं लेकिन हमे उनका उपयोग करना सीखना चाहिए। (2 कुरिन्थियों 10:4 , इफिसियों 6:10-18) में पौलुस इसका विवरण करता हैं।

पौलूस में इन शब्दों को जेल में लिखा यहाँ वह एक रोमी सिपाही के साथ जंजीर में बंधा हुआ था। जैसे ही वह इफिसियों कि किताब के अंत में आया उसने हमारी लड़ाई का वर्णन करने और उस पर विजय हासिल करने का तरीका खोजा। उसके साथ रोमी सिपाही को देखते हुए , पौलूस ने उसके उपकरणों कि तस्वीर परमेशवर के द्वारा प्रदान किये गया उपकरणे को दिखाने के लिए उपयोग किया।

पौलूस हमे मजबूत होने की आज्ञा देकर शुरू करता हैं ,परन्तु हमारी ताकत में नहीं केवल परमेशवर की ताकत में (इफिसियों 6:10)। व्ही शक्ति जिसने शैतान को क्रूस पर हराया था (इब्रानियों 2:14-15) और जिसने मसीह को मृतकों में उठाया (इफिसियों 1:18-23) हमारे लिए उपलब्ध हैं। परमेशवर की

शक्ति शैतान की शक्ति से अधिक हैं (1यहुन्ना 4:4)। शैतान हम से ताकतवर हैं , लेकिन परमेशवर से नहीं।

पौलूस इस शक्ति को कवच के टुकड़ो के रूप में वर्णित करता हैं जिन्हे हम पहनते हैं और जिनका हम उपयोग करते हैं (इफिसियों 6:11)। हमे इसे पहनने की आज्ञा हैं। इसका उपयोग वैकल्पिक नहीं हैं , परन्तु परमेशवर के सेनिक के लिए अनिवार्य हैं। और हमे यह सब पहनने की आज्ञा दी गई है , न कि कुछ को।

हमे इसकी आवश्यकता इसलिए है ,क्योकि शैतान के पास हमे फ़साने और धोखा देने कि योजनए हैं (इफिसियों 6:11)। यह शब्द किसी जानवर को फ़साने वाले शिकारी के लिए उपयोग होता हैं। पौलूस हमारी लड़ाई को संघर्ष कहता हैं (इफिसियों 6:12)। यह शब्द मौत की लड़ाई को दर्शता है शैतान आप को आप के परिवार को और आपकी कलीसिया को नष्ट करने के लिए कुछ भी कर सकता हैं।

तो हम क्या करें ? इन योजनाओ और संघर्ष के खिलाफ विजय कैसे प्राप्त होगी ? यहाँ वर्णन हैं कि यह कवच कहा से आता हैं।

इफिसियों 6:10-13 एक अंतम वचन : इसलिए प्रभु में और उसकी शक्ति के प्रभाव में बलवत बनो। परमेशवर के सारे हथियार बांध लो कि तुम शैतान कि युक्तियों के सामने खड़े रह सको। क्योकि हमारा यह मल युद्ध लहू और मांस से नहीं परन्तु प्रदानो से , और अधिकारीओ से और इस संसार के अंधकार के हकीमो में और उस दृष्टता की आध्यात्मिक सेनओ से हैं जो आकश में हैं। इसलिए , परमेशवर के सारे हथियार ब्रोध लो की तुम बुरे दिन में सामना कर सको और सब कुछ पूरा करके सथिर रह सको।

जब आपके मसीही जीवन जीने की बात आती हैं तो क्या आपके पास एक योद्धा जैसी मानसिकता हैं ? क्या आप अपने खिलाफ हमलो , फंदे और योजनओ के प्रति सतर्क हैं ? क्या आप जानते है कि दुश्मन आपको पाप करने के लिए कहाँ ले जाता है ? क्या आप उसके प्रयासों को हराने में संक्षम हैं ?प्रार्थना करे और अपनी लड़ाई में ज्ञान और अंतदृष्टि के लिए परमेशवर से मांगे ताकि आप बेहतर सामना कर सके।

<u>दिमाग के लिए युद्ध</u>

जब एक सिपाही अपने दुश्मन का सामना करता हैं , उसे विजय होने के लिए अपने कमांडर के द्वारा प्रदान किऐ गये सब हथियारों के उपयोग करने कि आवश्यकता होती हैं। हमारे मसीही जीवन का भी यही सच हैं। उपकरण का पहला टुकड़ा जिसे हमे पहनने की आज्ञा है वह है उद्धार का टोप (इफिसियों 6:17)।

जेल में पौलुस के लिए जंजीरदार रोमी सिपाही ने धातू से बन एक टोप पहना हुआ था। दुश्मन एक बड़ी भारी तलवार से हमला करते जिसे वे रोमी सेनिक के सिर पर लाने की कोशिश करते। इस प्रकार उनके सिर की सुरक्षा के लिए टोप का मजबूत होना जरूरी था। हमारा सच भी यही हैं। शैतान हमारे दिमाग और विचारो पर सब से पहले हमला करता हैं। यह हमारे मन में संदेह भय , भरम ,वासन , लालच और

जो कुछ भी हमे हरा देगा , डालता हैं। हमारी आध्यात्मिक लड़ाई सबसे पहले हमारे दिमाग में (विचारो में) जीती या हारी जाती हैं। इसलिए हमे विजय के लिए मसीह के दिमाग की जरूरत हैं (1कुरिन्थियों 2:16)।

